# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 284 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

# हिंदू धर्म के विरुद्ध भड़काऊ वक्तव्य देने के मामले में नामजद 5 सहित अन्य के विरुद्ध केस दर्ज

## रजवार भवन में राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा ने आयोजित किया था महाअधिवेशन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नमनाकला में स्थित रजवार भवन में बुधवार की दोपहर राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के महाधिवेशन के आयोजन दौरान भाषण में हिंदू धर्मावलंबियों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को लेकर रजवार समाज के द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई, जिस पर मोर्चा के सदस्यों ने उनसे हाथापाई व मारपीट की। इसके बाद बवाल की स्थिति बन गई और महाधिवेशन को समाप्त करना पड़ा था। मामले में रजवार समाज के द्वारा की शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के पांच नामजद समेत अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

रजवार समाज सरगुजा के जिलाध्यक्ष बालेश्वर राजवाड़े ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि 6 नवंबर को रजवार भवन नमनाकला में निवास कर अध्ययन कर रहे छात्रों के मोबाइल पर किसी ने फोन कर कार्यक्रम करने की बात कही। इनसे कहा गया कि कार्यक्रम में 10-15 लोग शामिल होंगे। बैठक के लिए मौखिक अनुमति दी गई थी। इसी बीच दोपहर करीब एक बजे उन्हें सूचना मिली कि भवन परिसर में राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में पहुंचे हैं। वे मोर्चा के बैनर तले धर्मांतरण जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं तथा दूसरे धर्मों को नीचा दिखाने जैसा वक्तव्य देने में लगे हैं। साथ ही हिंदू धर्म को लेकर भी अनर्गल और विवादित टिप्पणी कर रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही वे स्वयं और प्रवक्ता मनोज राजवाड़े तथा क्षेत्रीय प्रवक्ता रामप्रसाद राजवाड़े मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि भवन परिसर में करीब 2 हजार लोग एकत्र थे। मंच पर माइक लिए विलास खरात, सुनील डोगरविदे, अरविंद कच्छप, रंजीत बड़ा, ब्लासियूस तिग्गा व अन्य लोगों के द्वारा संबोधित किया जा रहा था। वे हिंदू धर्म व ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे थे। इस टिप्पणी का उन्होंने विरोध किया और तत्काल रजवार समाज के भवन को खाली कर देने के लिए कहा। इसके बाद मंचासीन लोगों ने उनसे विवाद करने लगे और हाथापाई, मारपीट जैसी स्थिति बन गई। बताया गया है इनमें कुछ लोग यातायात पुलिस की वर्दी में भी थे, वे उन्हें धमकी देने लगे। इनका कहना था कि जल, जंगल व जमीन हमारा है। रजवार भवन की रजिस्ट्री को भी निरस्त कराने तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। इनकी मौजूदगी में ही दोनों पक्षों में जमकर बवाल हुआ।




### राज्य अधिवेशन में देशद्रोही विचारधारा के फैलाव का आरोप

राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के 6 नवम्बर को आयोजित राज्य अधिवेशन में की गई अभद्र टिप्पणियों को देशद्रोही विचारधारा एवं अराजकता फैलाने जैसी अभिव्यक्ति एवं षड्यंत्र बताते हुए गांधीनगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा का प्रथम राज्य अधिवेशन रजवार भवन में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आहूत किया गया था। सभा बगैर किसी अनुमति के आयोजित की गई थी। कार्यक्रम से संबंधित पंपलेट पूरे जिले में प्रसारित किया गया था, जिसमें मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों की फोटो लगी हुई थी। आरोप है कि उक्त पंपलेट के माध्यम से देशद्रोही विचारधारा का फैलाव किया गया। कार्यक्रम को सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा बताते हुए उल्लेख किया गया है कि इसमें भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व देश में रहने वाले ब्राम्हणों पर सीधा कटाक्ष करके देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर प्रहार किया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के साथ अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिषेक शर्मा, रविन्द्र तिवारी, सिद्धार्थ मिश्रा, उन्मेश तिवारी, विपिन कुमार पांडेय, कमलेश तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र चौबे, केडी दुबे, निरंजन तिवारी, कैलाश मिश्रा, शैशव गिरी, विजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### इनके विरूद्ध पुलिस ने किया अपराध दर्ज

मामले की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा छत्तीसगढ़ के विलास खरात, सुनील डोगरविदे, अरविंद कच्छप, रंजीत बड़ा, ब्लासियूस तिग्गा व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(3), 333, 299, 115(2), 351(2), 319(2), 191(2), 190 व छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम की धारा 49 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इधर महाअधिवेशन के आड़ में धर्म विशेष के लोगों पर की गई टिप्पणी को लेकर जनाक्रोश बढ़ रहा है। विभिन्न हिंदू संगठन के लोग मुखर होकर सामने आ रहे हैं।

## आखिर इस दर्द की दवा क्या है...?

### संदर्भ-अंबिकापुर शहर में सड़कों की दुर्दशा

छ.ग.फ्रंटलाइन
उमाकांत पांडे

**अंबिकापुर।** शहर में सड़कों की दुर्दशा आज किसी से छिपी नहीं है। शहर से बाहर जाने के लिए आप जिस भी सड़क से निकले साक्षात यमराज के दर्शन न हो जाए तो कहिएगा। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे चन्द्रमा के 'क्रेटर' की याद दिलाने पर्याप्त हैं। आश्चर्य यह है कि इस मार्ग से रोज बड़े-बड़े अधिकारी, नेता, मंत्री गुजरते हैं पर किसी ने भी इन्हें जी भरकर नहीं देखा। लिहाजा आम आदमी खून के आंसू बहाता हुआ इस पर से आने-जाने मजबूर है।


कुछ दिन पुरानी बात है। एक ई-रिक्शा में सवार होकर कुछ लोग रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। मनेन्द्रगढ़ रोड में कुछ आगे जाकर एक बड़े गड्ढे की जद में आकर रिक्शा बुरी कदर पलट गया। चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने किसी प्रकार सबको निकाला। कुछ लोग तो स्टेशन पहुंचे और कुछ लोग अस्पताल। सड़कों की इस बदहाली के कारण आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। कभी-कभी यह गंभीर रूप भी धारण कर लेती है पर सरकार है कि इससे आंखें मूंदे बैठी है। इस मामले में सबसे ज्यादा निंदनीय आचरण जन प्रतिनिधियों का है, जो सबकुछ जानते-समझते हुए भी खामोश बैठे हैं। कहते हैं किसी भी शहर की सड़कें उस शहर की जीवन रेखा होती है। ऐसे में यह कहना ज्यादा समयोचित होगा कि हमारे शहर की जीवन रेखा बहुत कमजोर है, बहुत दुर्बला है। हमारे शहर की हथेली पर जीवन रेखा शायद है ही नहीं। वैसे भी इस शहर पर शनि की साढ़े साती की महादशा हमेशा बनी रहती है। राहु-केतु तो इसके लग्न भाव में ही बैठे रहते हैं। यहां रोज कमाने-खाने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं जिनके सही सलामत वापस लौट जाने की कोई गारंटी नहीं होती है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए जब यहां के जागरूक नागरिकों ने घड़ी चौक पर सामूहिक रूप से पिंडदान का आयोजन किया था। यह उनके प्रति था जिन्होंने सड़कों की खराब हालत के कारण अपनी जान गंवाई है। अंबिकापुर की कोई भी सड़क आज खतरे से खाली नहीं है, फिर भी किसी को शर्म न आए तो क्या कीजिए। आप कभी भी सड़क पर निकल कर देख लीजिए। कोई भी यदि सीधे चलते दिख जाए तो बताइएगा। गड्ढों से बचने की कोशिश में दाएं-बाए गाड़ी, मोटर बाइक वाले तो छोड़िए पैदल चलने वाले भी लगे नजर आते हैं। मतलब शहर की हालत इतनी बदतर हो गई है कि पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। रास्तों पर चलते हुए लोगों के मुंह से बरबस गालियां निकल ही जाती हैं। सड़कों के कारण आए दिन विवाद होना भी अब आम बात है।

आईन्दा दिनों नगरीय निकायों का चुनाव होना है। जनता सड़क, बिजली, पानी आदि मुद्दों पर ही मतदान करती है। कहना न होगा कि अंबिकापुर में सड़क और बिजली की हालत बेहद खराब हैं। ऐसे में नेता कौन सा मुंह लेकर जनता के बीच जाएंगे, देखने की बात होगी। शहर में आज जितनी भी समस्याएं व्याप्त हैं उसमें सड़क शीर्ष पर है। इसी से जुड़ी यातायात समस्या भी है, जिसमें यातायात विभाग बुरी तरह असफल है। इस मुद्दे पर कभी बाद में चर्चा करेंगे, फिलहाल तो आइए हम सड़कों का ही रोना रो लें क्योंकि हमारे अगुआ लोग चैन की नींद सोने का बहाना कर रहे हैं।





## बढ़ते अपराधों के बीच राज्योत्सव की शुभकामनाएं



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कांग्रेस नेत्री नीति सिंहदेव ने राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मन में सभी के एक सवाल जरूर पैदा होता होगा कि, आखिर किन उपलब्धियों को गिनाते हुए हम यह उत्सव मना रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि मात्र सरगुजा ही नहीं पूरे प्रदेश में अपराध एवं अराजकता अपने चरम पर है। पार्षद के घर में घुसकर समूह द्वारा हमला शहर के लिए कलंक है। सूरजपुर में पुलिस कर्मी की पत्नी और बच्चे की निर्मम हत्या, सरेआम अपराधियों के बढ़ते हौसले का उदाहरण है। पूरे प्रदेश की खस्ताहाल सड़कें सरकार की अक्षमता बताने के लिए पर्याप्त है। शिक्षा का स्तर भी किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में यह सवाल लाजिम है कि सरकार अपनी कौन सी उपलब्धि गिनाने के लिए राज्योत्सव मना रही है। आज आम जनमानस में भय एवं असुरक्षा का माहौल है। सरकार से उम्मीद है कि लोगों को भय के इस वातावरण से मुक्ति दिलाएं तभी राज्योत्सव का सार्थक अर्थ निकलेगा और छत्तीसगढ़ राज्य का सपना भी साकार होगा।

# आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक गुण नियंत्रण के प्रावधानों का उल्लघंन

## मेसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र दरिमा का बिक्री लाइसेंस निलंबित

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नियमों के उल्लंघन और नोटिस का जवाब ना देने, निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक पंजीयन प्राधिकारी एवं उपसंचालक कृषि द्वारा मेसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र दरिमा, अंबिकापुर को जारी फुटकर उर्वरक बिक्री लाइसेंस को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गत सितंबर माह में उर्वरक निरीक्षक और टीम के द्वारा दरिमा में स्थित मेसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र के निरीक्षण के द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिस पर संबंधित को नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब नहीं मिलने के बाद उर्वरक निरीक्षक नमनाकला द्वारा मेसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र का पुनः निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि उक्त प्रतिष्ठान द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 में निहित प्रावधानों का उल्लंघन कर व्यापार किया जा रहा था।

क्रेता को कैश, क्रेडिट मेमो प्रारूप में रसीद जारी नहीं करना, उर्वरक भण्डारण वितरण का पंजी का संधारण न करना, बोर्ड पर उर्वरक स्कंध व विक्री दर का प्रदर्शन न करना, पीओएस मशीन से भौतिक स्कंध का मिलान ना पाया जाना, भूमिहीन किसानों को अंगूठा लगाकर यूरिया खाद बिक्री एवं अन्य अनियमितता पाई गई, जिस पर उर्वरक निरीक्षक एवं टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए परिसर में उपलब्ध खाद की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया और समस्त उर्वरकों को जप्त कर लिया गया था। मेसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र दरिमा द्वारा अनियमितताओं के संबंध में निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर कार्रवाई करते हुए उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 31(1) (बी) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उर्वरक पंजीयन प्राधिकारी एवं उपसंचालक कृषि पीएस दीवान द्वारा उक्त कृषि सेवा केन्द्र को जारी फुटकर उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र क्रमांक-बीआर-635 को आगामी आदेश तक निलंबित किया गया है।

# नशा का एहसास होने पर सो गया सड़क किनारे, मोटरसायकल ले गए चोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मेहमानी करके लौट रहा ग्रामीण नशा अधिक लगने पर सड़क के किनारे अपनी मोटरसाइकिल को खड़ा करके सो गया, नींद खुली तो मोटरसाइकिल गायब थी। रिपोर्ट पर दरिमा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक दरिमा थाना क्षेत्र के राम पावले पिता दुहन पावले 35 वर्ष निवासी ग्राम गांगझरिया रकेली ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीते 02 अक्टूबर को वह अपने मोटरसायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 15 ईसी 4586 से मेहमानी करने अपने साथी बंधन राजवाड़े के यहां ग्राम मुकुन्दपुर गया था। यहां से खा-पीकर शाम करीब 6 बजे घर वापस आने के लिए निकला था। रास्ते में करजी कटईपारा के पास शाम 07 बजे ज्यादा नशा का एहसास होने पर मोटरसायकल को रोड के किनारे खडा करके लेट गया और उसे नींद आ गई। रात लगभग 09 बजे नींद खुला तो मोटरसायकल वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछताछ करने के बाद भी मोटरसायकल का पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस मोटरसायकल चोर को तलाश रही है।




# बसों में सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए दी गई हिदायतें कागजों में सिमटी










**परिवहन विभाग की कार्रवाई में खुली पोल, प्रदेश में 349 यात्री वाहनों पर 4,47,800 रुपये जुर्माना**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राज्य शासन द्वारा आम जनता को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहनों के संचालन को लेकर विविध दिशानिर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसका पालन नहीं के बराबर हो रहा है। परिवहन अधिकारियों के द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दी जाने वाली हिदायतें कड़ी कार्रवाई नहीं होने से कागजों में सिमटी रह जाती हैं। कई बार यात्रियों से वाहन संचालकों द्वारा अधिक किराया दर वसूलने का मामला भी सामने आता है। इसे लेकर कई बार बस के कर्मचारियों व यात्रियों के बीच हुज्जतबाजी भी होती हैं। राज्य के परिवहन अधिकारियों ने अधिक किराया वसूली की शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए ऐसे यात्री वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार आरटीओ उड़नदस्ता अंबिकापुर के द्वारा 4 व 5 नवम्बर को की गई कार्रवाई के दौरान 9 यात्री बसों से 68 सौ रुपये समन शुल्क वसूल किया है।

परिवहन विभाग के निर्देशानुसार बसों में यात्रियों के गंतव्य स्थान के लिए निर्धारित किराया दर की जानकारी किराया सूची चस्पा करने दी जानी है, जो किसी भी यात्री बस में देखने को नहीं मिलता है। ऐसे हालातों में बनने वाली परिस्थितियों से निजात दिलाने के लिए त्योहार के मौसम में परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले ने सख्ती दिखाते हुए निर्देशों के अनुपालन में यात्री वाहनों की जांच करते हुए निर्धारित किराए की राशि से अधिक किराया वसूल करते पाए गए वाहनों एवं बिना किराया दर सूची चस्पा किए संचालित 349 यात्री वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 4 लाख 47 हजार 800 रुपये समन शुल्क वसूल किया है। विभाग द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि शासन द्वारा जिन वर्गों को यात्री किराए में रियायत, छूट दी गई है, यदि यात्रा के दौरान उन्हें किराए में छूट नहीं दी जाती है, या किसी प्रकार का अभद्र दुर्व्यवहार या अवैध किराया वसूल किया जाता है, तो इसकी शिकायत साक्ष्य या तथ्य के साथ संबंधित जिले के परिवहन अधिकारी से किया जाए। विभाग द्वारा परिवहन अधिकारी एवं प्रवर्तन अमले को ऐसी शिकायतों को त्वरित गंभीरता से लेने व इस दिशा में निरंतर चेकिंग कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन्हें यात्रा दौरान देनी है 50 से 100 फीसदी छूट

राज्य शासन ने निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन हैं, बौद्धिक दिव्यांग, ऐसे दिव्यांग जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ हैं, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है, एच.आई.व्ही. एड्स से पीड़ित व्यक्ति के लिए यात्री किराए में 100 प्रतिशत छूट दी है। यही नहीं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से नक्सलवाद से प्रभावित का प्रमाणपत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराए में 50 प्रतिशत की रियायत देने हेतु अधिसूचित गया है। इसका कितना पालन किया जा रहा है, यह परिवहन विभाग के जांच में सामने आया। जांच के दौरान 349 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करके कड़ी हिदायत दी गई है।

# कोयलांचल में भक्तिभाव से अस्ताचल सूर्य को दिया गया अर्घ्य

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में लोक आस्था का महापर्व छठ आज भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु आज संध्या काल में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिए। नहाए-खाए और खरना की रस्म के बाद तीसरे दिन की यह पूजा विधि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस दिन अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है, जिसे छठ व्रत का सबसे कठिन और पुण्यदायी कार्य माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस संध्या अर्घ्य से संतान की रक्षा, संतान प्राप्ति और परिवार की सुख-समृद्धि का वरदान मिलता है।

नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट समेत गोरखनाथपुर रेण नदी, बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित पासंग नाला, कुमदा तुर्रा नाला, सिलफिली पासंग नाला, तेलईकछार केनापारा नाला, क्वारी के अलावा अन्य छठ घाटों पर निर्धारित समय पर व्रती जल में उतरकर अर्घ्य प्रदान कर सूर्यदेव से अपने परिवार और संतान की सुख-समृद्धि की कामना किए। व्रती जल द्वारा खड़े होकर डूबते सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य दिया गया। छठ महापर्व के चौथे दिन कल 8 नवंबर शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस व्रत का समापन किया जाएगा। सूर्य षष्ठी छठ महापर्व को लेकर क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल बना रहा। दोपहर से ही भक्तों का छठ घाट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। व्रत करने वाले ढोल नगाड़ों व बाजे गाजे के साथ छठ घाटों में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर अर्घ्य दिए। सभी छठ घाटों पर व्यापक स्तर से तैयारियां की गई थीं और घाटों पर छठ गीत की धुन गुंज रही थी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था।



**प्रेमनगर विधायक भी पहुंचे छठ घाट**

सूर्य षष्ठी छठ महापर्व पर गुरुवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी भी गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट पहुंचे। यहां पर उन्होंने सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद अर्पित किए। प्रेमनगर विधायक ने सभी व्रती के पहुंचकर पूजा अर्चना की। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट के अलावा अन्य छठ घाटों में भी पहुंचकर पूजा अर्चना कर सभी सुख समृद्धि की कामना की।

# एसएसपी ने लटोरी चौकी का रात में किया आकस्मिक निरीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने 4 नवम्बर की रात अचानक चौकी लटोरी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के कार्यों का अवलोकन किया।



रात्रि काल में अचानक पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की कार्यशैली का समीक्षा किया। उन्होंने फरियादी के चौकी आने पर उसे आत्मीयता से बैठाकर उनकी समस्या सुनकर निराकरण करने एवं रात्रि गश्त को और पुख्ता बनाने की बात कही। साथ ही गुंडा व बदमाश के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने आमजन से मित्रवत व्यवहार करते हुए लंबित प्रकरणों का जल्द निदान किए जाने की भी बात कही। जिससे पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। इस दौरान लटोरी चौकी प्रभारी विराट विशी व पुलिस कर्मी तैनात थे।

## नवयुवक दुर्गा मंडल का 21 वां वार्षिक उत्सव कल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में समर्पित श्री नवयुवक दुर्गा मंडल बिश्रामपुर का 21 वां वार्षिक उत्सव एवं मां भगवती जागरण भजन संध्या का आयोजन 9 नवंबर शनिवार को रात्रि 8.30 बजे से बाहर से आए कलाकार क्रमशः संदीप शिवहरे, ओम, अंबे गुप्ता-अंजली गुप्ता, कैलाश चौधरी एवं हरदीप सिंह द्वारा रात भर भजनों की अमृत वर्षा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में की जाएगी।जिसमें जबलपुर से आए प्रसिद्ध झांकी कलाकार पुनीत एंड ग्रुप द्वारा मनोहर झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जागरण की मध्य रात्रि में माता रानी को चुनरी भेंट, सवामणि प्रसाद, डांडिया नृत्य, अखंड ज्योत का दर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा अधिकाधिक भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने आह्वान किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने तैयारी में मंडल के सदस्य पिछले कई दिनों से जुड़े हुए हैं।

## नवापारा लटोरी भूमिगत खदान को शुरू कराने प्रबंधन को दिया गया ज्ञापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** करीब ग्यारह महीने से बंद पड़ी लटोरी नवापारा खदान का सीटीओ प्रबंधन की उदासीनता की वजह से आज पर्यंत नहीं मिल सकी है। खदान के महीनों से बंद रहने श्रमिकों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के पांचों श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एसईसीएल भटगांव के महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के नवापारा लटोरी भूमिगत खदान का सीटीओ की अनुमति प्राप्त नहीं होने की वजह से नवापारा भूमिगत खदान पिछले 1 जनवरी 2024 से बंद पड़ा है, जिस कारण नवापारा भूमिगत खदान में कार्यरत लगभग छह सौ विभागीय एवं सौ ठेकेदारी श्रमिक कार्य से प्रभावित हो रहें हैं। जिसमें से प्राय: विभागीय कर्मचारियों का अस्थाई रूप से स्थानांतरण हो चुका है। साथ ही जो श्रमिक स्थानिय हैं जिनका अस्थाई रूप से स्थानांतरण किया गया है कई बार दुर्घटना से बचें हैं। साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और ठेका श्रमिकों को बैठा दिया गया है चूंकि उनके ठेकेदारों का काम बंद कर दिया गया है। साथ ही जनहित के नजरिए से सामाजिक तौर पर दैनिक रोजगार वाले व्यापारी भी प्रभावित हो रहें हैं। नवापारा भूमिगत खदान बंद होने से प्रत्येक लाभार्थी बेहद चिंता से ग्रसित हैं। ऐसी स्थिति में विभागीय प्रयास किया जाना अनिवार्य है। विभागीय प्रयास नहीं किए जाने की स्थिति में सभी श्रम संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में एसईसीएल भटगांव क्षेत्र अंतर्गत नवापारा लटोरी भूमिगत खदान के सीटीओ की अनुमति प्राप्त करने हेतु विभागीय प्रयास कराए जाने की मांग की गई है।

## ठंड में किसान रखें अपने फसल का ध्यान : दितेश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ठंड के दस्तक देने के साथ ही कोहरा भी घना होने लगा है। मौसम बदलाव उपरांत



अब फसल के लिए विशेष देखभाल की जरूरत है। उन्नत कृषक दितेश राय ने बताया कि ठंड के मौसम में आमतौर पर देखा जाता है कि फसल के पत्ते में सिकुड़ने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह समस्या ज्यादातर मिर्च, टमाटर, करेला आदि फसलों में देखी जाती है। इसके लिए नई तकनीक में सल्फर का उपयोग करना चाहिए। इसे किसान स्प्रे के माध्यम से फसल को दें तो अच्छा परिणाम देखने को मिल सकता है। किसान रात में खेत जाएं तो गर्म कपड़ों के साथ टॉर्च और मोबाइल फोन जरूर रखें। आने वाले दिनों में ठंड के फसल जैसे गोभी, मटर, आलू, सेमी, कद्दू, लाल भाजी, गेहूं, चना इत्यादि का फसल लगाएं। यह सभी ठंडी के अनुकूल फसल होती है, जिनका ठंड में परिणाम अच्छा रहता है। साथ ही किसान की आमदनी में बढ़ोत्तरी हो सकती है। उन्नत कृषक दितेश राय ने बताया कि किसानों को अधिक से अधिक आर्गेनिक खाद और दवाओं का इस्तेमाल करना चाहिए। रासायनिक और जहरीले खाद, दवाई का कम से कम उपयोग करना चाहिए और समय समय पर मिट्टी का परीक्षण भी करवाते रहना चाहिए।

## जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे में ट्रक और कार की जोरदार भिड़ंत, एक गंभीर

**जगदलपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 63 में तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं ट्रक चालक को भी मामूली चोट आई है। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को एक स्कॉर्पियो कार गीदम से रायपुर की ओर जा रही थी इसी दौरान जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 63 रायकोट के पास विपरित दिशा से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए तथा स्कार्पियो चालक को गंभीर चोट आई। वहीं ट्रक चालक को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है।

# हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि लक्ष्मी मार्केट के पीछे कचरा मैदार सुपेला में एक व्यक्ति को चाकू से मार दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब पता पता चला कि गौतम नगर सुपेला का रहने वाला धीरज महानंद उर्फटकला को चाकू मारा गया है जिसे शासकीय अस्पताल सुपेला ले गये है। पता चला कि राहुल उर्फ राहुल, अंकुश एवं अन्य के द्वारा धीरज महानंद की हत्या कारित किया है। मृतक की पत्नी श्रीमती शारदा महानंद की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश में एवं श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (शहर भिलाई) श्री सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय भिलाई नगर श्री सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम आरोपियों की पता तलाश में लग गई। आस-पास के क्षेत्र, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, उनके रिश्तेदारो व रोज उठने बैठने वाली जगहों पर पता तलाश किया जा रहा था। आस-पास में लगे सीसीटीव्ही कैमरो को भी खंगालने के बाद पता चला कि आरोपी राहुल उर्फ राहुल, अंकुश एवं अन्य को कुम्हारी से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी राहुल एवं रोशन यादव व एक नाबालिक बालक से पूछताछ करने बताया किया धीरज महानंद का भतीजा का दिनांक 02.11.2024 को झगड़ा गया हो गया था सुलह करने के लिए धीरज महानंद को लक्ष्मी मार्केट के पीछे कचरा मैदान के पास बुलाये जहां समझाने लगे इसी बीच विवाद बढ गया है लडाई झगड़ा शुरू हो गया तब धीरज महानंद वहां से भागने लगा तब तीनो मिलकर हाथ मुक्के व धारदार चाकू से धीरज महानंद के छाती एवं पीट में वार कर हत्या कारित किये है। घटना में प्रयुक्त चाकू को छुपाया था जिसे पुलिस को जप्त कराया। आरोपी राहुल उर्फ राहुला एवं रोशन यादव को गिरफ्तार कर आज दिनांक 03.11.2024 को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं निरीक्षक तापेश्वर नेताम(एसीसीयू), सउनि राजेश सिंह, सउनि पूर्ण बहादूर(एसीसीयू), आर. पन्ने लाल, शहबाज, अनूप शर्मा, जुगनू सिंह, संतोष गुप्ता, उपेन्द्र सिंह, अजय गहलोत, रिंकु सोनी, गुनीत निर्मलकर(एसीसीयू), सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, राजू राणा संयुक्त टीम का विशेष योगदान रहा है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में दुर्घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां फिर एक सड़क हादसा हुआ है जिसमें बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच कार्यवाही कर रही है।

जानकारी के मुताबिक यह पूरी घटना दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। तिवरता कोसाबाड़ी के पास तड़के सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मृतक की पहचान खिलेंद्र चैबे बांधाखार नुनेरा निवासी के रूप में हुई है। फिलहाल शव को पीएम के लिए भेजा गया है, मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्टर ने समितियों को दिए धान खरीदी की तैयारी बाबत दिशा निर्देश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की तैयारी के संबंध में कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में समिति प्रबंधक ऑपरेटर एवं शाखा प्रबंधक

**14 नवंबर से होगी खरीदी**

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर द्वारा समितियों को प्रारंभिक तैयारी व खरीदी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए खरीदी में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं तथा पानी और फर्स्ट एड बॉक्स आदि की उपलब्धता के निर्देश दिए गए। चेक लिस्ट अनुसार समिति स्तर पर सफाई, फेंसिंग, तारपोलिन एवं डनेज आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। धान खरीदी में उपयोग होने वाली पंजियों का संधारण कर्मचारियों की कार्य विभाजन करने उपार्जन केंद्र में प्रदर्शित किया जाए। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी अवधि, न्यूनतम समर्थन मूल्य, औसत अच्छी



गुणवत्ता का मानक, सैम्पल, खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 18002333663, ट्रस्टेड पर्सन का नाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया साथ ही पंजीकृत किसानों के रकबा सहित सूची समितियों में अनिवार्यतः प्रदर्शित किया जाए। इस वर्ष 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक खरीदी किया जाएगा।इस वर्ष लघु एवं सीमांत किसान जिनका पंजीकृत रकबा 25 एकड़ एवं 2.5-5 एकड़ तक है उन्हें मात्र दो बार अधिकतम टोकन जारी किया जाएगा कृषक जिनका रकबा 5 एकड़ से अधिक है उन्हें अधिकतम तीन बार टोकन जारी किया जाएगा । टोकन के लिए किसान उपार्जन केंद्र में तथा टोकन तोहार हाथ एप्प के माध्यम से स्वयं भी टोकन जारी कर सकते हैं। टोकन तोहार हाथ एप्प प्ले स्टोर में उपलब्ध है। आप अगर पुराना वर्जन 1.0 इस्टॉल हो तो उसे डिलीट कर नया वर्जन 2.0 इंस्टॉल करना पड़ेगा। इस प्रकार लघु एवं सीमांत किसान दो बार में ही धान की बिक्री कर पाएंगे समिति में लाया गया धान अच्छे से सुखाकर जिसमें नमी 17 प्रतिषत से अधिक ना हो तथा साफ करके लाना है। धान का परिवहन करते समय किसान अपना टोकन, ऋण पुस्तिका तथा आधार कार्ड साथ में रखें।पूर्व वर्ष की भांति धान खरीदी का कार्य पंजीकृत किसान अथवा नामांकित नॉमिनी के आश्रित या अंगूठे के निशान से प्रमाणीकरण करने के बाद खरीदी किया जाएगा। अगर बायोमेट्रिक और ओटीपी प्रमाणीकरण नहीं हो पता है तो उपार्जन केंद्र के ट्रस्टेड पर्सन के द्वारा प्रमाणीकरण कर धान की खरीदी की जाएगी।

## अधिकारियों को मोबाईल देने का निर्णय लेकर विवादों में फंसा सीआईएल प्रबंधन

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर सीआईएल प्रबंधन केवल अधिकारियों को उपहार में मोबाईल देने का फैसला लेकर विवादों में फंस गया है। श्रमिक संगठन इस पर कामगारों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए विरोध जता रहा है।

जानकारी के अनुसार कोल इंडिया के 50 वें स्थापना दिवस के मौके पर सीआईएल प्रबंधन ने अधिकारियों को 30 हजार से लेकर 60 हजार रूपए कीमत तक का मोबाईल उपहार स्वरूप देने का निर्णय लिया है। स्थापना दिवस पर निजी व सार्वजनिक कंपनियां अपने अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्साहित करने के लिए ऐसा करती है, परंतु इस बार कोल इंडिया प्रबंधन का यह निर्णय विवादों में आ गया है। विवाद का कारण कोल इंडिया के विकास में बराबर योगदान देने वाले कर्मचारियों को उपहार न देकर केवल अधिकारियों को ही उपहार देना। कोयला मजदूर सभा एचएमएस के अध्यक्ष रेशम लाल यादव निदेश तकीकि को पत्र लिखकर भेदभाव का आरोप लगाया तथा पत्र में पिछले स्थापना दिवस में केवल अधिकारियों को ही पीआरपी, लेपटॉप, कम्बल, चश्मे का रीएंबर्समेंट देने और ग्रेच्युटी देने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच भेदभाव का जिक्र करते हुए कर्मचारियों को भी यथोचितस सम्मान एवं उपहार रूपी मोबाईल देने की मांग की है।

## बोनस नहीं मिलने से नाराज मजदूरों ने काम बंद कर किया मानिकपुर कार्यालय के सामने प्रदर्शन

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मानिकपुर खदान में कार्यरत ठेका कर्मियों ने बोनस नहीं मिलने समेत अन्य मुद्दों को लेकर कामबंद महाप्रबंधक कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया। लगभग तीन घंटे बाद समझाइश दिए जाने पर आंदोलन समाप्त हुआ। शाम को प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजने पर सहमति बनी।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की खदानों में अनेक कार्य ठेका पद्धति से कराए जा रहे है। इन ठेकेदारों के कार्य एक वर्ष में समाप्त हो जाता है, ऐसी स्थिति में इन ठेकेदारों के अधीन कार्यरत मजदूरों को बोनस समेत अन्य राशि नहीं मिल पाती है। दिवाली में बोनस नहीं मिलने पर काफी संख्या में मजदूर मानिकपुर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंच गए। जानकारी मिलने पर मानिकपुर पुलिस व अधिकारी स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा किए। मजदूरों ने कहा कि 10-12 वर्षों से मानिकपुर के सीएचपी में आपरेशन, मेंटेनेंस बेल्ट क्लिनिंग आदि, टी लाइन व खदान में बिजली, पंप आपरेटिंग वाहन चालक आदि का काम करते आ रहे हैं। वर्तमान में हम विभिन्न ठेकेदारों के माध्यम से काम कर रहे हैं। ईपीएफ पेंशन स्कीम) एवं हाईपावर कमेटी की दर से वेतन भुगतान किया जाना है जो कि कार्यालीन रिकार्ड में खाते में तो दिया जा रहा, किन्तु इन सभी सुविधाओं का लाभ तो दूर की बात है।

प्रबंधन ने कहा कि बोनस की मांग जायज है, पर ठेकेदार काम खत्म कर वापस जा चुका है और नए ठेकेदार पुराने का भुगतान नही कर सकते। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजा जाएगा, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके।

## *मालगाड़ी के सामने कूद कर युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जुटी जांच में*

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनालिया फाटक के पास मालगाड़ी के सामने कूद कर एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बाद देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस और आरपीएफ रेलवे को दी गई। कोतवाली पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को निकाल जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया। जानकारी अनुसार युवक बाइक से फाटक के पास आया था फाटक बंद था, बाइक खड़ी कर आसपास घूमने लगा। जैसे ही ट्रेन आई युवक दौड़ कर गया और उसके सामने कूद गया। फाटक पर मौजूद लोग दौड़ कर पहुंचे, जहां युवक खून से लतपथ पड़ा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की माने तो लोगों को लगा कि युवक आसपास की ही रहने वाला होगा और गाड़ी खड़ी कर कहीं जा रहा होगा। उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वह मालगाड़ी के सामने कूद जाएगा।

युवक कौन है और कहां के रहने वाला है। इस बात का पता नहीं चल सकता है। फिलहाल युवक की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस वाहन के आधार पर और आसपास बस्तियों में युवक की पहचान में जुटी हुई है।

## जिले में 21 वीं पशु संगणना का कार्य प्रारंभ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में 21 वीं पशु संगणना का कार्य नवम्बर में प्रारंभ किया जा रहा है।

जिसके लिए पशुधन विकास विभाग की ओर से सभी ग्रामीण शहरी वाडों में उत्तरदाताओं पशु पालको कृषकों को अनुरोध किया गया है कि पशुधन विकास विभाग अंतर्गत नियुक्त प्रगणकों को पशु संगणना संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध कराएं ताकि जिले कि सही पशुधन गणना की जा सके।

# वृंदावन की टीम बनी पीईकेबी फुटबॉल ट्रॉफी 2024 की चैंपियन और जीता 51,000 का नगद पुरस्कार

## अक्टूबर 22 से नवंबर 5 तक 24 टीमों के 360 खिलाड़ीयों ने खेले फुटबॉल टूर्नामेंट के 23 मैच

### रोमांचक मुकाबले में वृंदावन ने 2-1 से शिवनगर को दी मात

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

उदयपुर : पीईकेबी फुटबॉल ट्रॉफी का चैंपियन वृंदावन बना है। सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखण्ड में आयोजित पीईकेबी फुटबॉल ट्रॉफी का फाइनल मैच मंगलवार को वृंदावन और शिवनगर के मध्य खेला गया। ग्राम परसा के शहीद वीर नारायण खेल मैदान में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सौजन्य से गांवों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से विगत 14 दिनों से ओपन चैलेंज पीईकेबी ट्रॉफी फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन ग्राम परसा में किया जा रहा था। फुटबॉल टूनामेंट के दौरान सूरजपुर जिले की 24 टीमों के 360 खिलाड़ियों द्वारा लीग, क्वार्टर और सेमी फाइनल के कुल 22 मैच खेले गए।

वृंदावन और शिवनगर के बीच फुटबाल फाइनल मैच देखने के लिए दोपहर 1 बजे से ही दर्शकों में उत्साह देखा गया और लगभग 3000 से ज्यादा दर्शकों की भीड़ मैदान के चारों ओर जुटी रही। कुल 80 मिनट के इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमों ने बड़े ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया और खेल के प्रथम 40 मिनट तक दोनों टीमों ने 1-1 से मुकाबला बराबर रखा। लेकिन द्वितीय 40 मिनिट में वृंदावन के पीयूष तिवारी ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए 1 और गोल दागकर टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। वृंदावन की ओर से दोनों गोल पीयूष तिवारी ने दागे जिसके जवाब में शिवनगर की टीम को उसके खिलाड़ी तुषार यादव द्वारा दागे गए 1 गोल से ही संतोष करना पड़ा। हालांकि शिवनगर की टीम खेल के अंतिम क्षणों तक गोल करने के लिए जूझती रही किंतु वृंदावन की शानदार मैदान नीति के आगे शिवनगर की एक न चली और वृंदावन ने फाइनल मुकाबला 2-1 से जीत कर पीईकेबी ट्रॉफी में अपना कब्जा जमा लिया।



पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री और विधायक अम्बिकापुर श्री टी एस सिंहदेव के प्रतिनिधि श्री सिद्धार्थ सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, ह्लक्षेत्र में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं उभारने में इस तरह के खेल टूनामेंट एक बड़ा मंच प्रदान करता है। जिससे क्षेत्र के ये खिलाड़ी फुटबॉल में न सिर्फ जिले अपितु राज्य का भी नाम रोशन करेंगे। इस टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए मैं खदान प्रबंधन को बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ की इस तरह के आयोजन समय समय पर होते रहेंगे। विशिष्ठ अतिथियों में उदयपुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, ओम प्रकाश पनिकर, जनपद सदस्य नीरज उपाध्याय, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष नवल सिंह वरकड़े, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सुपरिटेंडेंट अभियंता अशोक कुमार, अदाणी इन्टरप्राइसेस के चीफ ऑफ क्लस्टर मनोज कुमार शाही और राजेश साव उपस्थित थे। इसके अलावा विशेष अतिथियों में सरपंच, परसा झल्लूराम नेटी, उपसरपंच शिवकुमार यादव, पूर्व उप सरपंच उमाशंकर यादव, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सदस्य मसद कामरो, महिला उद्यमी बहूद्देशीय सहकारी समिति की अध्यक्षा अमिता सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष वेदमती सिंह उईके, ग्राम सचिव परसा रूपम सिंह. मुख्य अतिथि सिद्धार्थ सिंहदेव ने सर्वप्रथम पीईकेबी फुटबॉल ट्रॉफी की उप विजेता रही शिवनगर के कप्तान, पूरी टीम और कोच भूपेन्द्र सिंह को सिल्वर मेडल, पीईकेबी ट्रॉफी तथा रुपए 31000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया। अंत में वृंदावन टीम से कप्तान सुरेश कुमार और कोच अंगद ठाकुर ने अपनी टीम के साथ गोल्ड मेडल, पीईकेबी ट्रॉफी तथा रुपए 51000 का नगद पुरस्कार ग्रहण किया। दोनों नगद पुरस्कार अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से आदर्श टाइगर यूथ क्लब समिति के द्वारा प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आदर्श टाइगर यूथ क्लब समिति, परसा के महेश कुसरो, मोहेलाल उईके, मनोहर उईके, संतोष नेटी, गोविंदा, बीके कुसरो, शिवरतन, नोखे लाल, जयराम, शिवबिलास, खेलसाय, दिलसाय, आदर्श, किसुन, भोलू और नोज इत्यादि सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र में ढांचागत विकास की श्रृंखला के तहत खदान के पास स्थित 14 गांवों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों की मरम्मत, बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं और पक्के शौचालयों का निर्माण, गांवों में सड़कों का निर्माण, यात्री प्रतीक्षालयों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए 450 हेक्टेयर से अधिक खनन क्षेत्र में 14 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने नव पदस्थ कलेक्टर एस जयवर्धन से की मुलाकात



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजनगर। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन सूरजपुर के प्रतिनिधि मंडल ने नव पदस्थ कलेक्टर एस जयवर्धन से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और शिक्षक संवर्ग की समस्याओं से अवगत करा उन समस्याओं के समाधान किए जाने की मांग की। शिक्षक फेडरेशन द्वारा कलेक्टर को बताया कि शाला संचालन का समय पूर्व की भांति 10 बजे से 4 बजे तक करने, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के शेष बचे हुए पदों पर अविलंब पदोन्नति, परिक्षा अनुमति समय पर जारी करने, वरिष्टता सूची का प्रकाशन वर्ष में एक बार अनिवार्य करने, पंचायत अवधि के लंबित एरियर्स राशि का भुगतान करने तथा परामर्श दात्री समिति की बैठक नियमित समय अवधि में आयोजित किए जाने का अनुरोध किया है। कलेक्टर ने शिक्षकों के उक्त मांगों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में फेडरेशन के जिलाध्यक्ष विजय साहू, शशि भूषण दुबे, देवेन्द्र पाण्डेय, बृजेश तिवारी, नवल किशोर गुप्ता, अमोल सिंह, बोस प्रताप सिंह, मंसूर अंसारी शामिल थे।

# डॉ अखिल जैन को मिला यति रतनलाल सम्मान



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2024 यति यतन लाल सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भारत की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित अन्य मंत्री व नागरिक उपस्थित थे।

# मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने किया दीपावली मिलन समारोह का आयोजन


छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के चिकित्सा शिक्षकों ने महाविद्यालय में दीपावली मिलन समारोह का पारंपरिक सादगीपूर्ण आयोजन किया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में महाविद्यालय के लगभग 110 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सा शिक्षकों ने भाग लिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. विवेक चौधरी ने माँ देवी लक्ष्मी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी फैकल्टी मेम्बर्स को दीपोत्सव की बधाई दी और नववर्ष के लिए शुभकामनाएं दी। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय उत्सव परंपरा को जीवंत बनाये रखते हैं और ये आपसी मेल-मिलाप और आपसी भाई-चारे के सुअवसर होते हैं। इस अवसर पर लक्ष्मीपूजन का विधिवत आयोजन किया गया था और पैथोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्राओं द्वारा रंगों और फूलों की खुबसूरत रंगोलियां बनाई गई थीं। सभी चिकित्सा शिक्षकों ने बिना आवाज वाले फटाखे चलाये और आनंद लिया। इस आयोजन में लक्की ड्रॉ के माध्यम से पांच भाग्यशाली चिकित्सा शिक्षकों को आकर्षक उपहार प्रदान किये गये, ये हैं डॉ. निकिता शेरवानी, डॉ. वर्षा पाण्डेय, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, डॉ. दीप्ति चन्द्राकर और नूतन ढाबरे। एसोसिएशन की सचिव डॉ. जया लालवानी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस पारंपरिक खुशनुमा आयोजन में महाविद्यालय के लगभग सभी चिकित्सा शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें मुख्यतः सर्वप्रोफेसर डॉ. संतोष सोनकर (अस्पताल अधीक्षक), डॉ. एस.बी.एस. नेताम, डॉ. देवप्रिय लकरा, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ. निधि पांडे, डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. स्निग्धा जैन बंसल, डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. उषा जोशी, डॉ. सुमित त्रिपाठी, डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. रविकांत दास, डॉ. हंसा बंजारा, डॉ. वर्षा मुंगुटवार, डॉ. मंजूला केरकेट्टा, डॉ. ओ.पी. सुंदरानी, डॉ. आर. के पांडा, डॉ. के.के साहू और अन्य चिकित्सा शिक्षक शामिल रहे।

# बिजली के बिल की वसूली में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

## पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने अफसरों को चेताया

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




लखनऊ। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने मंगलवार को सभी डिस्कॉम के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वह बिजली बिल की वसूली में तेजी लाएं। जिन क्षेत्रों में बिजली बिल वसूली में तेजी नहीं आई है, वहां के डिस्काम के प्रबंध निदेशक को संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली की चोरी पर कड़ाई से अंकुश लगाकर विद्युत राजस्व को बढ़ाया जाए। डॉ. गोयल ने कहा कि मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी लेते हुए बिजली बिल की वसूली में तेजी लाएं। पश्चिमांचल डिस्काम के कार्यों पर असंतोष जताते हुए अध्यक्ष ने मुजफ्फरनगर व बुलंदशहर के मुख्य अभियंताओं को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। यही नहीं बैठक में उन्होंने दक्षिणांचल, केस्को व पूर्वांचल डिस्काम से भी कार्य में और सुधार लाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली चोरी रोककर लाइन हानियां कम करें और आपूर्ति की जा रही बिजली के अनुसार शत-प्रतिशत बिल की वसूली करें। डॉ. गोयल ने अलीगढ़ के मुख्य अभियंता व राठ के अधीक्षण अभियंता से पूछताछ की और अपने क्षेत्र में व्यवस्था सुधारने को कहा।

### लापरवाह अफसरों के खिलाफ होगी निलंबन की कार्रवाई

अध्यक्ष ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 12 नवंबर तक बिजनेस प्लान संबंधी एग्रीमेंट के काम को पूरा नहीं किया गया तो लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। डिस्काम के अधिकारी वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

### छठ पूजा पर मिले निर्बाध बिजली

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहाकि पर्व के समाप्त होने तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा०) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ०ग०)**

**उद्घोषणा**

इस ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अल्ताफ हुसैन पिता हकीक अहमद निवासी ग्राम रामपुर जिला कोरिया (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर में स्थित भूमि ख०न० 76/18 रकबा 0.0410 हे० भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि ख०न० 76/18 रकबा 0.0410 हे० भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत आवेदन पत्र. शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक / / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा सहित जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ०ग०)

# सीए के घर से बदमाशों ने किया लाखों का माल पार

### भइया द्वीज पर पैतृक गाँव गया था परिवार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने निजी चार्टड अकाउंटेंट के बंद घर में धावा बोलते हुए लाखों का माल पार कर दिया। मंगलवार रात मकान मालिक को जानकारी हुई तो उन्होंने आशियाना में मुकदमा दर्ज कराया। मूल रूप से बंथरा के रहने वाले श्याम बाबू सिंह पत्नी वंदिता के साथ आशियाना के सेक्टर एच में रहते हैं और निजी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**क्रमांक/वाचक-1/व्यपवर्तन/2024**
**पत्थलगांव, दिनांक 16/10/2024**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम मदनपुर इंजको, प.ह.नं. 04, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रूद्रकुमार पिता कैलाशराम, जाति महकुल, निवासी ग्राम गोढ़ीकला (भांटामुड़ा), तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मदनपुर इंजको, प.ह.नं. 04 ख०नं० 100/1/क/3 रकबा 0.020 हे. 202.60 वमी. स्थित आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 13.11.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

# माफिया ओम प्रकाश श्रीवास्तव बबलू की दयायाचिका नामंजूर हुई

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। बरेली जेल में बंद है बबलू, कस्टम अधिकारी की हत्या में हुआ है आजीवन कारावास समय पूर्व रिहाई के लिए दयायाचिका दायर की थी बबलू नेप्रयागराज में अपर कस्टम कलक्टर की हत्या के आरोप में बरेली जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू की समय पूर्व रिहाई की दया याचिका राज्यपाल ने बुधवार को खारिज कर दी है 59वर्ष का बबलू 31 साल तीन महीने तीन दिन की सजा काट चुका है। लखनऊ के निरालानगर निवासी बबलू की दया याचिका डीएम और डीसीपी लखनऊ ने समय पूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की थी। इस आधार पर ही राज्यपाल ने भी याचिका अस्वीकार कर दी। निरालानगर, लाल कालोनी निवासी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रयागराज (तब इलाहाबाद) में अपने साथियों के साथ वर्ष 1993 में 24 मार्च की शाम कस्टम कलक्टर एलडी अरोड़ा की उनके घर के पास हत्या कर दी थी। इसमें बबलू पर टाडा भी लगा था। कानपुर नगर स्थित टाडा कोर्ट ने 30 सितम्बर, 2008 को आजीवन कारावास की सजा बबलू को सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी 25 जनवरी, 2011 को बबलू की सजा को यथावत रखा था। बन्दी बबलू ने 10 फरवरी, 2022 तक 26 वर्ष नौ माह, 20 दिन की अपरिहार सजा और 31 वर्ष, तीन माह, तीन दिन की सपरिहार सजा काट ली है। लखनऊ के डीएम और डीसीपी ने भविष्य में इसके द्वारा अपराध करने से इंकार नहीं किये जाने की आख्या लिखते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की। इस पर ही राज्यपाल ने समय पूर्व रिहाई की याचिका अस्वीकार कर दी है। इस सम्बन्ध में संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के डीजी को इससे अवगत करा दिया है।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र०/अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल गुप्ता आ० नन्दलाल गुप्ता जाति तेली निवासी रामानुजगंज तहसील रामानुजगंज जिला बलरामपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरगंवा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 436/2 रकबा 0.024 हे० भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रि-नंबरींग सूची, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र० / अ-6अ/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घरभरन आ० भुटुन यादव, जाति बरगाह, निवासी ग्राम भफौली, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदित भूमि खसरा नंबर 40/4 रकबा 0.260 हे० ग्राम भफौली, तहसील अम्बिकापुर में स्थित हैं उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार प्रभु वगैरह, वर्ग-अनुसूचित जनजाति, जाति बरगाह के नाम पर दर्ज हैं। जो त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा त्रुटि सुधार कराते हुए आवेदक अपने साथ-साथ अनावेदकगण प्रभु राम आ. भुटुन यादव व सेदमहीन बेवा भुटुन यादव का नाम दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/11/2024 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार,
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०- /ब-121/2024-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवसागर तिवारी पिता रामबिलासतिवारी निवासी गणपति नगर चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 543/57 रकबा 0.024 हे0 भूमि को अनावेदक विनोद कुमार सिंह पिता हरिहर सिंह व अन्य निवासी ओल्ड डीएमक्यू कुम्दा कॉलोनी क्यूटीआर नंबर 269 सरस्वती शिशु मंदिर कुम्दा जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपए 5,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27.11.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति न्यायालय प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा सि जारी।

तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला- सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र० 202410021700050/ ब-121/2023-24**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष राय आ० महेन्द्र राय, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 850/1 रकबा 0.10 हे0 में से 0.036 हे० (09 डिसमिल) भूमि बैंक लोन एवं पोते के विवाह लिए गये कर्ज चुकाने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका सुप्रीति साहा पति ब्रिजेश साहा, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) को रू0 6,00,000/- (छः लाख रुपए) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/11/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 30/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर -2

चिंतन

# अमेरिकी नतीजे पर दुनिया की नजरें

अमेरिकी जनता ने अपना राष्ट्रपति चुन लिया है। आज पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। मतदान से पूर्व के सभी सर्वेक्षणों में हैरिस व ट्रंप के बीच नेक टू नेक फाइट का अनुमान है। बहुत कम मार्जिन से हैरिस आगे हैं। यूं तो अमेरिका में भी दूसरे मुल्कों की तरह कमोबेश महंगाई, सुरक्षा, समुदायगत वर्गभेद, गर्भपात के अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार, अमेरिकी बनाम बाहरी, आव्रजन आदि मुद्दे चुनाव के दौरान मुखर रहे हैं, इसके बावजूद आर्थिक महाशक्ति व सबसे पुराना लोकतंत्र होने के नाते दुनिया की नजरें इस राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम पर हैं। भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति बनेंगी तो अमेरिका नया इतिहास रचेगा। बराक ओबामा के बाद वह दूसरी राष्ट्रपति होंगी जो गैर अमेरिकी मूल की हैं। कोई महिला पहली बार अमेरिका की राष्ट्रपति बनेंगी, हिलेरी क्लिंटन बनते-बनते रह गई थीं। हैरिस ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया है। अमेरिका भर में अनेक महिलाएं सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले से स्तब्ध हैं, जिसमें गर्भपात के उनके लंबे समय से चले आ रहे संवैधानिक अधिकार को छीन लिया गया है। अब इस पर नीतियों का निर्धारण राज्य स्तर पर हो रहा है। कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मतदाता प्रजनन अधिकारों के मामले में ट्रंप की तुलना में हैरिस पर अधिक भरोसा करते हैं। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा है। एक नए सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाता ट्रंप को अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरे के तौर पर देखते हैं। हैरिस ने बाजी पलटने, विभाजन को दूर करने और रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स को फिर से एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया है। अर्थव्यवस्था को सुधारने, आव्रजन नीति, अमेरिकी फर्स्ट, यूक्रेन जंग, इजराइल संघर्ष, ट्रेडवार आदि मुद्दे पर ट्रंप को बढ़त है। कमला की अनुकूलता रेटिंग 46 प्रतिशत है, तो ट्रंप की 43 प्रतिशत। सुस्त अर्थव्यवस्था, घरेलू बजट, जीवन-यापन की बढ़ती लागत, स्वास्थ्य खर्च, रोजगार और भविष्य में आर्थिक सुरक्षा को लेकर मतदाताओं की चिंताएं मुखर हैं। घर खर्च से लेकर ईंधन के दामों तक में पिछले चार वर्षों के दौरान वृद्धि हुई है। अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर 'स्विंग' राज्यों के मतदाता मानते हैं कि ट्रंप इस मुद्दे से निपटने में ज्यादा बेहतर हैं और उन्हें इस पर करीब 15 प्रतिशत की बढ़त है। आव्रजन एक और मुद्दा है, जिस पर ट्रंप फायदे में हैं। ट्रंप जीतेंगे तो दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे। नतीजों को प्रभावित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण स्विंग स्टेट-औद्योगिक मध्य-पश्चिम में पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन; पश्चिम में नेवादा और एरिजोना; और दक्षिण में जॉर्जिया और उत्तरी कैरोलिना- में मुकाबला असाधारण रूप से करीबी है। न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना के अंतिम सर्वेक्षण में कमला हैरिस सभी 'स्विंग' राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बहुत कम अंतर से आगे हैं या लगभग बराबरी पर हैं। अपवाद एरिजोना है, जहां ट्रंप कुछ प्रतिशत अंकों से आगे हैं। इनमें कुल 93 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं। एक सफल उम्मीदवार को उपलब्ध 538 इलेक्टोरल वोटों में से 270 की आवश्यकता होती है। बहुत रिपब्लिकन भी ट्रंप को नहीं चाहते हैं। यह बात उनके खिलाफ जा सकती है। अमेरिका में विजयी जो भी हों, भारत के संबंध पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए संवत में अच्छी आर्थिकी का शगुन

प्रमुख थोक बाजार और मंडियों में दुकानों के मुहूर्त में खोले जाने, बाजार और मंडियों में सामूहिक पूजा-आरती और अन्नकूट के आयोजन के साथ नए माल की खरीद-बिक्री शुभ मुहूर्त में अपेक्षाकृत अच्छे दामों पर की गई। कुल मिलाकर देशभर के बाजारों में नए संवत में अच्छे कारोबार और अच्छी आर्थिकी के शगुन उभरकर सामने आए हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है।

यकीनन दीपावली के बाद नए संवत 2081 में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती संबंधी शुभ संकेत उभरकर सामने आ रहे हैं। देश के कोने-कोने में दीपावली के बाद बंद हुए प्रमुख थोक बाजार और मंडियों में दुकानों के मुहूर्त में खोले जाने, बाजार और मंडियों में सामूहिक पूजा-आरती और अन्नकूट के आयोजन के साथ नए माल की खरीद-बिक्री शुभ मुहूर्त में अपेक्षाकृत अच्छे दामों पर की गई। कुल मिलाकर देशभर के बाजारों में नए संवत में अच्छे कारोबार और अच्छी आर्थिकी के शगुन उभरकर सामने आए हैं। गौरतलब है कि एक नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'एशिया प्रशांत के लिए क्षेत्रीय आर्थिक अनुमान 2024' में कहा गया है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है। देश कृषि, उद्योग-कारोबार, बैंकिंग क्षेत्र और गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र प्रणाली के स्तर पर काफी मजबूत बना हुआ है। विकास और मुद्रास्फीति का संतुलन बेहतर है। यद्यपि भूराजनीतिक संकट, भू आर्थिक बिखराव और किसी तरह की चरम मौसमी घटनाएं, जो बाहरी मांग को प्रभावित कर सकती है और ये भारत की वृद्धि के लिए एक तरह की बड़ी जोखिम होंगी, लेकिन भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों से उनके मुकाबले में सक्षम होगा। उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई में नरमी आएगी और वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि इस समय ग्लोबल फंड का भारतीय बांड में किया जा रहा निवेश उभरते बाजारों में ऊंचाई पर रेखांकित हो रहा है। पिछले वर्ष 2023 में भारतीय बांड में जो विदेश निवेश 70,627 करोड़ रुपये का था, वह इस वर्ष 2024 में करीब 88 प्रतिशत बढ़कर अक्टूबर तक 1.33 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित रूप से नए संवत 2081 में भारत की विकास दर उभरते हुए देशों की तुलना में ऊंचाई पर होगी। नए संवत 2081 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्मनिर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे हमारे स्थानीय और घरेलू बाजार मजबूत हुए हैं। इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते हुए सितारे के रूप में रेखांकित हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में भारत के घरेलू बाजार की अहम भूमिका है। इस वर्ष दीपावली और इससे जुड़े त्योहारों पर देशभर के घरेलू और स्थानीय बाजारों में भारी मांग देखी गई है। चीनी उत्पादों की जगह घरेलू उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है और वर्ष 2030 तक यह लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह नए संवत 2081 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन,




खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ रही है। देश को इस सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ाने और चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पीएलआई स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। इस समय जब दुनिया में वैश्विक संघर्षों से उथल-पुथल मची हुई है, तब भारत नए संवत 2081 में दुनिया के लिए उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाई दे रहा है। जहां भारत गरीबी जैसी चुनौतियों को कम करते हुए हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा, वहीं दुनिया की मदद करते हुए दुनिया में आशा का संचार भी करेगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वैश्विक संघर्ष की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। नए संवत 2081 में यह भी दिखाई दे सकेगा कि एक ओर भारत अपने भरपूर खाद्यान्न भंडारों से देश के लोगों की खाद्य सुरक्षा निश्चित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दुनिया की खाद्य सुरक्षा में मददगार बना हुआ है। कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय से भारत में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने का बेमिसाल अभियान चलाया जा रहा हैं और इससे देश में अत्यधिक गरीबी में कमी आ रही है। हाल ही में विश्व बैंक ने गरीबी अवलोकन और विकास रिपोर्ट 2024 में बताया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में कमी आई है। इस समय वैश्विक आबादी के करीब 70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी यानी 181 रुपये (करीब 2.15 डॉलर) प्रतिदिन से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं। भारत में अत्यधिक गरीबों की संख्या 2021 में 16.74 करोड़ थी, वह इस वर्ष 2024 में करीब 12.9 करोड़ रह गई है। नए संवत 2081 में देश में गरीबी में और कमी आने की संभावनाएं हैं। निश्चित रूप से वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत की वैश्विक खाद्य सुरक्षा में मददगार देश की भूमिका बढ़ते हुए दिखाई दे सकती है।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम तथा कई देशों के अनुरोध पर भारत ने गैर बासमती चावल यानी सफेद चावल के निर्यात पर जुलाई 2023 से लगाई गई रोक को हटा लिया है। भारत के इस निर्णय से दुनिया के कोने-कोने में चावल आयातक देशों के करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। जहां भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों के लोगों की खाद्य जरूरतों के लिए खाद्य निर्यात करता है, वहीं 185 से अधिक देशों के करोड़ों लोगों के लिए सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की आपूर्ति करने वाला विश्वसनीय देश भी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए संवत में पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई की चुनौतियों के बीच भी भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों और ऊंचाई पर स्थित 700 अरब डॉलर से अधिक के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होगा। हम उम्मीद करें कि नए संवत में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा और शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी। सरकार द्वारा कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा देश का आम आदमी भी विकास की डगर पर आगे बढ़ेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विमर्श

विवेक शुक्ला



# तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों की सांकेतिक मौजूदगी भारत में

अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुआ है। मतगणना के बाद पता चलेगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होंगे या भारतवंशी कमला हैरिस। पर राजधानी दिल्ली में एक नहीं बल्कि तीन अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक रूप से मौजूद हैं। ये तीनों राष्ट्रपति के रूप में कभी भारत में नहीं आए। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन. एफ कैनेडी व्हाइट हाउस में रहते हुए तो कभी भारत की यात्रा पर नहीं आए थे। पर उनके नाम पर खुशबू बिखेरता एक प्रतीक राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान ( पहले मुगल गार्डन) में है। कैनेडी नाम के गुलाब के फूलों की एक प्रजाति अमृत उद्यान के मालियों ने उनकी हत्या के बाद विकसित की थी। आपको कैनेडी गुलाब को देखने के बाद अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के नाम पर गुलाब की प्रजाति को अमृत उद्यान में देखना होगा। मतलब अमेरिका के दो महान राष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति भवन में स्थायी रूप से अपनी स्थायी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। कैनेडी को 1964 के शुरू में भारत की सरकारी यात्रा पर आना था। तब उनका राजधानी में 1959 के अंत में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग को देखने का कार्यक्रम तय था। बीसवी सदी के महानतम आर्किटेक्ट माने जाने वाले फ्रेंक लायड राइट कहते थे कि स्थापत्य की दृष्टि से अमेरिकी एंबेसी अद्वितीय है। जाहिर है, राइट की टिप्पणी के बाद कैनेडी को पता चल ही गया होगा कि नई दिल्ली में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग अमेरिकी आर्किटेक्ट एडवर्ड डुरेल स्टोन की रचनाधर्मिता का चरम है। सच में 27 एकड़ में बनी अमेरिकी एंबेसी अपने आप में उत्कृष्ट है। कैनेडी इसे देखकर प्रसन्न अवश्य होते। पर अफसोस कि कैनेडी की 22 नवंबर,1963 को डलास में हत्या कर दी गई। इस तरह वे राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भारत नहीं आ सके। वे 1955 में भारत घूमने के लिए आए थे। पर श्रीमती जैकलीन कैनेडी 12-21 मार्च,1962 को भारत यात्रा पर आईं थीं।

अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट के नाम पर है रूजवेल्ट हाउस है। नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत के आवास को रूजवेल्ट हाउस कहते हैं। रूजवेल्ट हाउस में कला, साहित्य, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों की हस्तियों को अमेरिकी राजदूत आमंत्रित करते हैं। रूजवेल्ट भी कभी भारत नहीं आए। वे भारत की आजादी को लेकर गंभीर थे। उन्हें महात्मा गांधी ने 1 जुलाई 1942 को एक पत्र लिखकर कहा था कि वे युद्ध से घृणा करते हैं और ब्रिटेन को भारत से तत्काल अपना शासन हटा लेना चाहिए। इस पत्र को संदेशवाहक के रूप में गांधी जी के भावी जीवनीकार लुई फिशर अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट के पास लेकर गए थे। रूजवेल्ट ने 1 अगस्त 1942 को सकारात्मक जवाब दिया। गांधी जी ने पत्र इसलिए लिखा था ताकि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर भारत को आजादी दिलवाने में मदद करेंगे। मतलब भारत छोड़ो आंदोलन से ठीक पहले गांधी जी अन्य विकल्पों को देख रहे थे। रूजवेल्ट ने आगे चलकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से कहा भी था कि वे भारत को स्वतंत्र करें। अगर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनी और फिर वह नई दिल्ली का दौरा करती हैं, तो वह भारत का दौरा करने वाले अपने देश के डी. आइजनहावर (1959), रिचर्ड एम. निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978), बिल क्लिंटन (2000), जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2006), बराक ओबामा - 2010 और 2015, डोनाल्ड ट्रंप (2020) और जो बिडेन (2023) जैसे राष्ट्रपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगी।

इस बीच, कई चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होते दिखाया गया है। वे भारत के मित्र के रूप में अपने को स्थापित करते जा रहे हैं। वे 2020 में भारत आए थे। वे तब राजघाट भी गए थे। पर वे गांधी जी की समाधि पर कोई पौधा नहीं लगा सके थे। अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपनी 2005 की यात्रा के समय राजघाट पर एक पौधा अवश्य लगाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2015 में बापू की समाधि राजघाट पर बोधि वृक्ष का पौधा लगाया था। माना जाता है कि बोधगया में बोधि पेड़ के नीचे तपस्या कर रहे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तब से बोधि पेड़ का अलग स्थान है। यह शांति का प्रतीक माना जाता है। हालांकि ओबामा ने तब इधर कोई पौधा नहीं लगाया था, जब वे यहां 2010 में आए थे। हालांकि वे इधर काफी समय ठहरे थे। उन्हें संपूर्ण गांधी साहित्य भेंट किया गया था। राजघाट में अंतिम पौधा 11 फरवरी 2016 को अबू धाबी के युवराज व संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च उप सेनाध्यक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा मोलश्री का पौधा लगाया गया था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह




संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- *कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।*

## जिन लोगों में मतभेद वे कभी सफलता नहीं होते



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से ज़ुए में सब क़ुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

अंतर्मन




आज की पाती

### कीवी से मिली हार पर मंथन करे टीम इंडिया

हाल ही में हमारे देश की क्रिकेट टीम को टेस्ट मैच में अपने घर में ही लगभग 24 वर्षों बाद न्यूजीलैंड ने हरा दिया। इस हार के बाद टीम इंडिया की कुछ लोगों द्वारा निंदा भी की जा रही है। इस बार फिर देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को निराशा हाथ लगी। भारतीय टीम की हार की वजह अति आत्मविश्वास भी हो सकता है। हमारे देश की क्रिकेट टीम के अब तक जो भी कप्तान रहे हैं, सभी के नेतृत्व में टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन भी किया है, हालांकि कभी-कभी हार का भी सामना करना पड़ा है। खेल में हार-जीत चलती रहती है। जब दो टीमें खेल के मैदान में उतरती हैं तो एक के पाले में जीत और दूसरी के पाले में हार पड़ती है। खेल को खेल की भावना से लेना या देखना चाहिए। टीम इंडिया हार पर मंथन करे। – *भावेश सोनी, बालोद*

ट्रेंड

### कनाडाई सरकार से उम्मीद



मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह हैं। हम उम्मीद करते हैं कि कनाडाई सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी और कानून का शासन कायम रखेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सही तरीके से अमल जरूरी



यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून-2004 को वैध व संवैधानिक करार देने के फैसले का स्वागत। इससे यूपी में मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता अब समाप्त होने की संभावना। इस पर सही तरीके से अमल जरूरी।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**


### बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार



भारत अब अमेरिका और जर्मनी जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखता है। नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाया है।


**- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

### संघर्ष को जारी रखिए



जब आपके पात्र अपना स्वयं का दिमाग विकसित करते हैं और आप उनके कार्यों, उनके भाग्य को नियंत्रित करने में असमर्थ हैं, तभी एक अच्छी कहानी आती है। अपने पात्रों और अपने संघर्ष को जारी रखिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**



करंट अफेयर

## ईरान के विदेश मंत्री चर्चा के लिए पाकिस्तान पहुंचे



पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव और द्विपक्षीय संबंधों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ईरान के विदेश मंत्री मंगलवार को दो दिवसीय सरकारी दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईरान के विदेश मेंत्री अब्बास अरागची का विमान आधी रात के बाद इस्लामाबाद के पास एक हवाई अड्डे पर उतरा जहां पाकिस्तान के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वह मंगलवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इशाक डार और विदेश मंत्रालय के अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब उसके और इजराइल के बीच गतिरोध बढ़ रहा है। ईरानी अधिकारी 26 अक्टूबर को अपने यहां इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद उसके खिलाफ एक और हमला करने की धमकी दे रहे हैं। 26 अक्टूबर के हमले में सैन्य ठिकानों और अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया था जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए थे। पाकिस्तान ने तब इजराइल के हमलों की निंदा की थी।

ऑफ बीट

## साइबेरिया में बन रहे बड़े बड़े गड्ढों का क्या रहस्य



रूस का एक विशाल और ठंडा क्षेत्र साइबेरिया इस वक्त दुनिया के लिए रहस्यमयी बना हुआ है। हाल के वर्षों में यहां कई बड़े गड्ढों के निर्माण ने दुनिया को चिंता में डाल दिया है। रूस में इन गड्ढों को 'बुल्गा' कहा जाता है। वैज्ञानिकों और भूवैज्ञानिकों की टीम अब इस रहस्य को सुलझाने में लग गई है कि आखिर ये हो क्यों रहा है और इससे पृथ्वी पर किस तरह का प्रभाव पड़ रहा है। साइबेरिया में बड़े गड्ढों का निर्माण मुख्य रूप से पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के कारण हो रहा है। पर्माफ्रॉस्ट के बारे में अगर आप नहीं जानते, तो आपको बता दें कि पर्माफ्रॉस्ट वह परत है जो स्थायी रूप से जमी रहती है और इसमें हजारों वर्षों से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैसें कैद होती हैं। पृथ्वी पर जब जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ता है, तो यह पर्माफ्रॉस्ट पिघलने लगता है और फिर बड़े-बड़े गड्ढे बनने लगते हैं। दरअसल, जब पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है तो उसमें कैद कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैसें बाहर निकलने लगती हैं। यह गैसें धीरे-धीरे जमीन के अंदर दबाव बनाती हैं और जब यह दबाव बहुत ज्यादा हो जाता है, तो यह जमीन की सतह को उड़ा देता है।



# 200 करोड़ के करीब पहुंची 'भूल भुलैया 3'

**मुंबई।** भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'भूल भुलैया 3' इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर इसकी ताबड़तोड़ कमाई जारी है। देश के साथ-साथ यह फिल्म विदेशों में भी अच्छे नोट छाप रही है। वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो यह 200 करोड़ क्लब के करीब पहुंच चुकी है। भूल भुलैया ने पहले दिन शुक्रवार को 35.5 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली। दूसरे दिन शनिवार को 37 करोड़ और तीसरे दिन रविवार को 33.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। करीब 150 करोड़ रुपए के बजट में बनी भूल भुलैया 3 ने कल मंडे टेस्ट भी अच्छे नंबरों से पास कर लिया है।

लाइफ Style

# जैकलीन

## कमजोरों की मदद के लिए आईं आगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने यूट्यूबर 'मिस्टर बीस्ट' के साथ मिलकर उनके चैरिटेबल ट्रस्ट 'बीस्ट फिलैंथ्रोपी'को सहयोग दिया है। 'मिस्टर बीस्ट, जिन्हें जेम्स स्टीफन जिमी डोनाल्डसन के नाम से भी जाना जाता है। इनके यूट्यूब पर 320 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

'मिस्टर बीस्ट'ने अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मदद से सामुदायिक सेवा अभियानों के जरिए लाखों डॉलर जुटाने में मदद की है। अपनी पहल के तहत बीस्ट फिलैंथ्रोपी भारत में ने कमजोर महिलाओं और बच्चों के लिए काम करने वाले भारतीय एनजीओ उदयन केयर के साथ भागीदारी करता है। बच्चों को मेंटर मुहैया कराने की दिशा में एनजीओ के प्रयासों के तहत जैकलीन ने दिल्ली का दौरा किया। अभिनेत्री उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की एक युवा डिजाइनर शीतल की ड्रेस से प्रभावित हुईं, जिसे शीतल ने दिग्गज डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन से प्रेरित होकर बनाया था। इस ड्रेस को पहनने के दौरान जैकलीन ने कहा, 'आपने मुझे वाकई बहुत अच्छा महसूस कराया। इसे पहनने से बहुत शक्तिशाली महसूस होता है।' इस ड्रेस को तीन महीने के भीतर तैयार किया गया है। इस शानदार ड्रेस की नीलामी बीस्ट फिलैंथ्रोपी वेबसाइट पर की जाएगी, जिससे होने वाली कमाई उदयन केयर के मिशन में लगाई जाएगी। अभिनेत्री ने नए सहयोग के बारे में बात करते हुए कहा, 'शीतल से मिलना प्रेरणादायक था। हालांकि, इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि कई युवा लड़कियों को अभी भी महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है।



हॉलीवुड मसाला



# फिर जमेगी रयान-ह्यू की जोड़ी...

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन साथ नजर आए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। इस एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर इन दोनों सितारों के फैंस खुश हो जाएंगे। दरअसल, रयान रेनॉल्ड्स एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें वे अपने 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के सह-अभिनेता ह्यू जैकमैन और निर्देशक शॉन लेवी के साथ काम करेंगे। यह मार्वल्स की फिल्म नहीं है। खुद रेनॉल्ड्स ने कहा है कि एमसीयू से इस फिल्म का कोई लेना-देना नहीं है।




# 'अच्छी कहानी सुनना पसंद करते हैं दर्शक'

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्माता-निर्देशक टॉम हैंक्स का मानना है कि अब लोग सुपरहीरो और वीएफएक्स तमाशे को देखने की बयाज इसकी अच्छी कहानी पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। दर्शक जानना चाहते हैं कि आखिरकार, कहानी में क्या खास है और इसकी थीम क्या है। आखिरकार पूरी फिल्म की कहानी क्या है। टॉम हैंक्स का कहना है कि अब फिल्म देखने वाले लोग सुपरहीरो और वीएफएक्स तमाशे से ज्यादा अच्छी कहानी सुनना पसंद करते हैं। टॉम ने कहा, 'हमारे पास सुपरहीरो को एक्सप्लोर करने के लिए 20 साल थे। अब हम ऐसी जगह पर हैं, जहां लोग सवाल करते हैं कि आखिरकार फिल्म की कहानी क्या है। इसकी थीम क्या है और आखिरकार इस फिल्म को बनाने का मकसद क्या है।' टॉम हैंक्स अभिनेता, निर्माता, लेखक और निर्देशक हैं।



# गर्ल गैंग के साथ मनाई पायजामा पार्टी

**मुंबई।** खुशी कपूर जो मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की बहन हैं। हमेशा ही सादगी में रहना पसंद करती हैं। हाल ही में खुशी ने अपना 24वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने अपनी बहन शनाया कपूर, आलिया कश्यप, अंजिनी धवन और अन्य दोस्तों सहित अपनी गर्ल गैंग के साथ एक मजेदार पायजामा पार्टी का आयोजन किया और उसका आनंद उठाया। खुशी के जन्मदिन के जश्न में उनके कथित बॉयफ्रेंड वेदांग रैना भी शामिल हुए, तस्वीरों में खुशी के साथ उनके पिता बोनी कपूर भी नजर आ रहे हैं। खुशी कपूर ने पायजामा पार्टी से कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'चैप्टर 24 मेरे पसंदीदा लोग एक चौंकाने वाले उत्सव में'। तस्वीरों में खुशी कपूर अपनी गर्ल स्क्वाड के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।




# अजय की 'आजाद' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'आजाद'का आधिकारिक टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में घोड़े की वफादारी और बहादुरी पर केंद्रित कहानी देखने को मिलेगी। इस फिल्म से राशा थडानी और अमन देवगन डेब्यू कर रहे हैं। 'आजाद'को जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। टीजर में अजय को अंग्रेजों से लोहा लेते हुए देखा जा रहा है। कई दृश्यों में वह खतरनाक एक्शन करते हुए भी नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में यह कहते हुए सुनाई पड़ता है, 'हल्दीघाटी में उस दिन एक तरफ महाराणा प्रताप की लगभग 8-9 हजार की फौज थी, तो दूसरी तरफ 40 हजार फौजी थे, लेकिन जो सबसे खास घोड़ा था वो खुद महाराणा प्रताप के पास था, हाथी जितना ऊंचा, मोर सी गर्दन, बिजली सी चाल, जब छलांग मारे तो पूरी घाटी लांघ के पार कर जाए।'

टीवी मसाला



# रजत ने खोया आपा, अविनाश से कर बैठे हाथापाई...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 18' के घरवालों का पारा हर दिन चढ़ता जा रहा है और कंटेस्टेंट्स हर गुजरते दिन के साथ एक-दूसरे के साथ भिड़ते जा रहे हैं। एक-दूसरे बहस और झगड़ा कर रहे हैं। 'बिग बॉस 18' के अपकमिंग एपिसोड में रजत और टाइम गॉड विवियन डीसेना के बीच बहस में अविनाश मिश्रा कूद पड़ते हैं, जिसके बाद रजत दलाल, अविनाश मिश्रा पर अपना आपा खोते हुए दिखाई देते है। शो के लेटेस्ट प्रोमो में रजत और अविनाश एक भयंकर लड़ाई में उलझे हुए दिखाई देते हैं और उन्हें ईशा सिंह, दिग्विजय सिंह राठी और अरफीन खान रोकते हैं। लड़ाई तब शुरू होती है जब विवियन, रजत से पूछते हैं कि जेल में रहने के दौरान उन्होंने सभी घरवालों के बीच बराबर खाना क्यों नहीं बांटा। रजत को विवियन से खुद के लिए बोलने के लिए कहते हुए सुना जाता है, जिसके बाद एक्टर यह कहते हुए पलटवार करते हैं कि उन्हें लोगों को सिर्फ बोलने से ज्यादा सबक सिखाना पसंद है। अविनाश फिर कहते हैं कि रजत उनसे डरता है और दोनों के बीच हाथापाई हो जाती है। दिग्विजय, अरफीन और ईशा झगड़े को रोकने के लिए बीच-बचाव करने की कोशिश करते हैं। ईशा फर्श पर गिर जाती है और उन्हें चोट लगती है।

## पौद्दार परिवार को मिलेगी बुरी खबर, अभिरा को हड़बड़ी में हॉस्पिटल लेकर जाएगा अरमान

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'की कहानी में नया मोड़ आएगा। गुरुवार के दिन टेलीकास्ट होने वाले एपिसोड में अरमान हड़बड़ी में अभिरा को हॉस्पिटल ले जाते नजर आएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में लीप आएगा। ये लीप कुछ महीनों का ही होगा। लीप के बाद अभिरा और रूही का बेबी बंप दिखाया जाएगा। एक तरफ, पौद्दार हाउस में अभिरा और रूही की गोदभराई की रस्म होगी। दूसरी तरफ, पंडित जी, दादी-सा और विद्या को बुरी खबर देंगे। पंडितजी भविष्यवाणी करेंगे कि पौद्दार हाउस में दो नहीं, सिर्फ एक बच्चा आएगा। पंडितजी भविष्यवाणी सुन दादी-सा और विद्या घबरा जाएंगे। सामने आए प्रोमो में दादी-सा और विद्या, रूही और अभिरा के पैरों के निशान लेते नजर आते हैं। वे दोनों के पैरों के निशान पंडित जी को दिखाते हैं। दादी-सा, पंडिज जी से कहती हैं, 'ये हमारी दोनों बहुओं के पांव के निशान हैं।



# कभी इडली बेचने की मिली थी सलाह हीरोइन साथ काम करने के लिए कर देती थीं मना

**नई दिल्ली।** इस फोटो में दिख रहे बच्चे की आज बॉलीवुड में धमक है। हर किसी के लिए इसका नाम ही काफी है। देश के हर कोने में इसकी अलग ही फैन फॉलोइंग है। लेकिन शुरुआत में अपनी पहचान बनाने के लिए इसे बड़े ही स्ट्रगल करने पड़े। एक समय तो ऐसा भी था, जब इस हीरो के साथ काम करने के लिए कोई हीरोइन ही राजी नहीं होती थीं। उन्हें फिल्में छोड़ खाना बेचने तक की सलाह मिलती, लेकिन बिना टूटे और बिना हारे इस लड़के ने मेहनत जारी रखी और आज सालाना कमाई 100 करोड़ रुपए है। ये कोई और नहीं बल्कि अन्ना नाम से मशहूर सुनील शेट्टी हैं। सामान्य से दिखने वाले सुनील शेट्टी ने अपने टैलेंट के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है कि आज उनकी गिनती हिंदी सिनेमा के टॉप मोस्ट स्टार्स में होती है।



### जबरदस्त फिल्मी करियर के बाद ओटीटी में दी दस्तक

सुनील शेट्टी की सोलो फिल्में भले ही ज्यादा हिट न रही हों, लेकिन कई बड़ी फिल्मों में उनकी एक्टिंग का जलवा देखने को मिला है। आजकल ओटीटी पर उनकी दूसरी पारी की शुरुआत चल रही है। हाल ही में आई 'धारावी बैंक' वेब सीरीज में उन्हें देखा गया था. उनका किरदार दर्शकों को एक बार फिर पसंद आया है।

### घर लौट जाने तक को कह दिया था

अन्ना यानी सुनील शेट्टी के लिए बॉलीवुड में अपनी जगह बना पाना बिल्कुल भी आसान नहीं था। शुरू-शुरू में उनकी एक्टिंग स्किल्स देखकर उन्हें सलाह देने वालों की लाइन सी लगी रहती थी। एक राइटर और फिल्म क्रिटिक ने तो उन्हें वापस घर लौट जाने तक को कह दिया था। एक इंटरव्यू में खुद सुनील शेट्टी ने इसका खुलासा किया और बताया कि उस क्रिटिक ने कहा था कि उन्हें इडली बेचने के लिए वापस जाना चाहिए। फिल्में उनके बस की बात नहीं हैं।

# 'आई वांट टू टॉक' का इमोशनल ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म 'आई वांट टू टॉक' का मंगलवार 5 नवंबर को ट्रेलर रिलीज किया गया। इस फिल्म में अभिषेक ने अर्जुन का किरदार निभाया है, जो अपनी साधारण जिंदगी में एक्स्ट्राऑर्डिनरी चैलेंज फेस करता है। 'आई वांट टू टॉक' का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। 'आई वांट टू टॉक' 22 नवंबर को रिलीज के लिए तैयार है। 'आई वांट टू टॉक' का ट्रेलर का ट्रेलर एक बीमार बाप (अभिषेक बच्चन-अर्जुन) और खुले विचार वाली बेटी (मिनी) के इर्द-गिर्द घूमती है। अभिषेक एक स्पाइनल बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास वक्त बहुत कम है। वहीं, वह अपनी बीमारी के बीच अपनी बेटी की देख-रेख करते हैं। इस बाप-बेटी की इमोशनल कहानी का ट्रेलर साझा करते हुए अभिषेक ने लिखा, 'जो सामान्य जीवन की तलाश में असाधारण चुनौतियों का सामना करता है'। इसके आगे अभिषेक ने लिखा, I want to talk 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





## 'अफसाना' से करियर की थीं शुरुआत, फिर अचानक सब कैसे हो गया बर्बाद

# खड़ा किया ऐसा प्रोडक्शन हाउस जिसने सिनेमा को दीं हिट फिल्में

*नई दिल्ली। बलदेव राज चोपड़ा, सिनेमा की ऐसी शख्सियत जिन्होंने कई लोकप्रिय फिल्मों की सौगात दी। और इससे भी बढ़कर छोटे परदे की दुनिया में 'महाभारत' जैसा धारावाहिक रच दिया। बी.आर. चोपड़ा का जन्म 22 अप्रैल 1914 को तत्कालीन पंजाब के लुधियाना हुआ था। लाहौर यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद 1944 से बी आर चोपड़ा मासिक पत्रिका सिने हेराल्ड से जुड़ गए। उन्होंने फिल्म 'अफसाना' से अपने करियर की शुरुआत की। साल 1955 में बलदेव राज चोपड़ा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हॉउस बीआर फिल्म्स शुरू किया। कई सफल फिल्में देने के बाद यह प्रोडक्शन हाउस बर्बादी की कगार पर आ गया।*

### साहित्यिक चोरी का लगा आरोप

कॉमेडी फिल्म बंदा ये बिंदास है में गोविंदा, तब्बू, लारा दत्ता और बोमन ईरानी जैसे सितारे लिए गए। हॉलीवुड से कंटेंट लेकर बॉलीवुड फिल्मों में इस्तेमाल करने का चलन रहा। लेकिन, इस फिल्म फिल्म की मेकिंग के दौरान ऐसा करना भारी पड़ गया। इस फिल्म के निर्देशन का जिम्मा रवि चोपड़ा ने संभाला। ऐसा पहली बार हुआ कि उन पर केस हो गया। केस में पैनल्टी इतनी ज्यादा लगी कि इसके चक्कर में बीआर फिल्म्स बर्बाद हो गया। प्रोडक्शन हाउस पर छाए मुसीबतों के बादलों को छांटते हुए रवि चोपड़ा का साल 2014 में निधन हो गया। उनके बाकी दो बच्चे भी अब गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं। 'बंदा ये बिंदास है' को लेकर 20वीं सेंचुरी फॉक्स ने निर्माता बीआर फिल्म्स के खिलाफ साहित्यिक चोरी का मुकदमा किया था। केस में आरोप लगाया गाय कि उनकी 1992 में आई फिल्म 'माई कजिन विन्नी' की नकल करके 'बंदा ये बिंदास है' बनाई गई है। इस चक्कर में फिल्म भी ठंडे बस्ते में चली गई।



### शाहरुख आए मदद का हाथ बढ़ाने

डूब चुके बीआर फिल्म्स की मदद शाहरुख खान ने करनी चाही। उन्होंने साल 2017 में फिल्म 'इत्तेफाक बनाई। यह फिल्म बीआर चोपड़ा द्वारा निर्मित 1969 में आई फिल्म 'इत्तेफाक' का रीमेक थी। इसका निर्देशन बीआर चोपड़ा के पोते अभय चोपड़ा ने किया। फिल्म में अक्षय खन्ना, सिद्धार्थ मल्होत्रा और सोनाक्षी सिन्हा ने काम किया। शाहरुख खान मदद करने भले आए, लेकिन कहा जाता है कि इसके राइट्स शाहरुख खान के पास थे। इसे बीआर फिल्म्स के अलावा शाहरुख खान के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया।

### महाभारत का कनेक्शन?

ऐसा कहा जाता है और माना जाता है कि 'महाभारत' को घर में नहीं रखना चाहिए। इससे नकारात्मकता आती है। बीआर चोपड़ा ने 'महाभारत' धारावाहिक का निर्माण किया। यह धारावाहिक खूब लोकप्रिय हुआ और आज भी इसे लोग देखना पसंद करते हैं। कहा जाता है कि दूरदर्शन पर जब ये सीरियल आता था तो सड़कें सूनी हो जाया करती थीं। लेकिन, इस धारावाहिक के बाद बीआर फिल्म्स भी सूना सा हो गया। 'महाभारत' के बाद यह सर्वाइव नहीं कर सका। कहा यह भी गया है कि 'महाभारत' पर जिसने भी फिल्म या सीरियल बनाए, उनके साथ कुछ न कुछ अड़चनें आईं। एक उदाहरण बीआर फिल्म्स को भी माना जाता है।

### कुछ शर्तें, जो पसंद न आईं

बेशक बीआर चोपड़ा की फिल्में सिनेमा की दुनिया में सफलता की नई इबारत लिख रही थीं। लेकिन, कहा जाता है कि फिल्मों की ये सफलता कहीं न कहीं उनमें घमंड ला रही थीं। कहा जाता है कि 'नया दौर' के वक्त वे पूरी टीम के साथ एक कॉन्ट्रेक्ट साइन करना चाहते थे। इसके तहत वे सभी किसी और प्रोडक्शन हाउस के साथ काम नहीं कर सकते थे। यह प्रस्ताव लेकर बीआर चोपड़, रफी साहब के पास गए लेकिन रफी को बात समझ नहीं आई। उन्होंने बड़े सम्मान के साथ कहा कि वे जनता की आवाज हैं और वे हर निर्माता निर्देशक के लिए काम करेंगे। बस, यह बात चोपड़ा साहब को अखर गई और उन्होंने अपनी फिल्मों में रफी को ना लेने का निर्णय लिया। शायद इस तरीके ने भी कहीं न कहीं नेगेटिव प्रभाव छोड़ा।

# एक हैं तो सेफ हैं... बंटोगे तो कटोगे के बाद सीएम योगी का नया नारा

## महाराष्ट्र में एमवीए को बताया महाअनाड़ी गठबंधन

एजेंसी



मुंबई, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में चुनावी प्रचार के लिए पहुंचे थे। इस दौरान वाशिम विधान सभा क्षेत्र में उन्होंने भाजपा के लिए प्रचार किया। योगी ने विपक्ष पर जमकर वार किया। योगी ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा की विजय गाथा लिखने जा रहा है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ये 'महाअघाड़ी' नहीं, 'महाअनाड़ी' गठबंधन है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस ने कभी ईमानदारी से 'भारत' और 'भारतीयता' के बारे में सोचा?

योगी ने साफ तौर पर कहा कि सत्ताएं तो आएंगी-जाएंगी। लेकिन हमारा 'भारत' रहना चाहिए और 'भारत' दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि बंटिए मत! क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे। एक हैं तो नेक हैं, एक हैं तो सेफ हैं। वहीं, अमरावती में योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने उस कालखंड में जब औरंगजेब जैसा बर्बर आक्रांता भारत में शासन कर रहा था, तब उन्होंने उसकी सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे याद है कि जब 2017 में मुझे उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया तब मैं आगरा गया था। आगरा में जब मैं निरीक्षण कर रहा था तो मुझे बताया गया कि वहां एक मुगल संग्राहलय बन रहा है। मैंने कहा कि मुगल का भारत और आगरा से क्या संबंध है? हमने कहा भारत का संबंध छत्रपति शिवाजी महाराज से है। इस म्यूज़ियम का नाम बदलो। यह संग्राहलय मराठा और छत्रपति शिवाजी महाराज का प्रतीक बनना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सब मिलकर चलें और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। ध्यान रखें, बात सबकी सुननी है, लेकिन बंटना नहीं है।

## आतंकवाद विरोधी सम्मेलन को संबोधित करेंगे अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर इसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में वार्षिक सम्मेलन परिचालन बलों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है; राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार-विमर्श के लिए आतंकवाद से निपटने में लगे तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञ और एजेंसियां। सम्मेलन का मुख्य फोकस 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना और भविष्य की नीति निर्माण के लिए ठोस इनपुट प्रस्तुत करना है।

# महाविकास अघाड़ी का घोषणापत्र जारी, 5 गारंटी का ऐलान

## महिला, युवा और किसानों पर जोर

एजेंसी

नई दिल्ली, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। एमवीए ने इसके जरिए लोगों को पांच गारंटियां दी हैं। पांच गारंटियों के तहत वादा किया गया है कि राज्य में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी तो जातिगत जनगणना कराए जाएंगे। 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही महिलाओं को भी साधने की कोशिश हुई है। महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना का ऐलान किया गया है। इसके तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये मिलेंगे। एमवीए ने यह भी वादा किया है कि 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा।



एमवीए का जोर युवाओं और किसानों पर भी है। एमवीए ने कहा कि उसकी सरकार बनने के बाद राज्य के युवाओं को 24 हजार रुपये सालना देंगे। किसानों को 3 लाख रुपये तक की ऋण माफी और नियमित ऋण भुगतान पर 50,000 रुपये का प्रोत्साहन की भी बात कही गई है। इस दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, शिवसेना युबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और एनसीपी नेता शरद पवार मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ BJP-RSS है। दूसरी तरफ INDIA गठबंधन है। एक तरफ आंबेडकर जी का संविधान है, जिसमें एकता, समानता, मोहब्बत और सम्मान है। दूसरी तरफ BJP-RSS के लोग हैं, जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन ये बात वो सामने से नहीं कहते हैं, क्योंकि खुलकर बोलेंगे तो पूरा देश उनके सामने खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार चुनाव आयोग पर दबाव डालती है और CBI, ED, IT का इस्तेमाल कर सरकार गिराती है। पिछली महाराष्ट्र की सरकार आपकी सरकार थी, लेकिन उस सरकार को मोदी जी ने चोरी कर हटा दिया।

### मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

# भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

### राजस्थान में कराई गई आपात लैंडिंग

एजेंसी

नई दिल्ली, भारतीय वायु सेना (आईएफ) के एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई और उसे राजस्थान के नागौर के मार्टा इलाके में पुलिस की आपात लैंडिंग करनी पड़ी। हेलिकॉप्टर जसनगर में खेतों में उतरा। पुलिस ने कहा कि किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर जा रहे थे, तभी एक पायलट को कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके कारण हेलिकॉप्टर को उतारना पड़ा। मेड़ता डीएसपी रामकरण मलिंडा ने कहा कि समस्या को ठीक करने के बाद हेलीकॉप्टर फिर से उड़ान भर गया।

भारतीय वायुसेना की एक विशेषज्ञ टीम ने मौके पर पहुंचकर हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी को ठीक किया था। इससे पहले वायुसेना का मिग-29 लड़ाकू विमान सोमवार को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी की वजह से उत्तर प्रदेश के आगरा के पास सुनेगा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले उसका पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा था। इस दुर्घटना में जमीन पर भी कोई हताहत नहीं हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, वायुसेना की सुरक्षा ऑडिट टीम ने दुर्घटनास्थल के दो किलोमीटर तक के दायरे में गहन जांच की।

# हवा से उड़- उड़कर सड़क पर गिरी लाशें...

## हरदोई में ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर, 10 लोगों की मौत

संवाददाता

हरदोई, यूपी के हरदोई में ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हादसा हो गया। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 5 गंभीर रुप से घायल है। मृतकों में 6 महिलाएं और 2 बच्चे, एक लड़की और एक पुरुष शामिल हैं। सभी लोग एक ऑटो रिक्शा में सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो रिक्शा उछलकर दूर जा गिरा। रिक्शा पलटते ही अंदर बैठी सवारियां बाहर गिर गईं। सड़क पर लाशें बिखरी पड़ी थीं। हादसा बुधवार दोपहर बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास हुआ। पुलिस का कहना है कि



ऑटो बिलग्राम की ओर जा रहा था। अचानक वह अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। इसी दौरान सामने से पूरी रफ्तार से आ रहे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी और यात्रियों को कुचल दिया। घटना के बाद ट्रक चालक भाग गया।

जारी की गई जानकारी के अनुसार, यह घटना हरदोई के रोशनपुर गांव में हुई, जहां अधिकारियों ने बताया कि अचानक हुई टक्कर में छह महिलाओं, तीन बच्चों और एक पुरुष सहित दस यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना दोपहर करीब 12:30 बजे मिली। बचाव कार्य करने के लिए अधिकारियों की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। घटना में कुल चार लोग घायल हुए, जिनमें से सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा, ऑटो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में छह महिलाओं सहित दस लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। वे खतरे से बाहर हैं, लेकिन उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

पुलिस ने कहा कि मृतकों में मां और बेटी भी शामिल हैं - मृतकों में से अब तक केवल 7 की पहचान की जा सकी है। इनके नाम हैं-माज गांव निवासी माधुरी देवी (40) और पटियन पूर्वी गांव निवासी सुनीता, नीलम (60) निवासी इटौली बिलग्राम, सत्यम कुशवाह पटेल नगर पूर्वी माधोगंज, राधा-इटौली बिलग्राम, सुनीता की बेटी आशी (8), मृतका राधा देवी और उसकी मौसी है। उसका नाम ज्ञात नहीं है।

### संक्षिप्त समाचार

## जातिवाद को खत्म कर समरसता को बढ़ावा देना है : संघ प्रमुख भागवत

एजेंसी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं संघ प्रमुख ने समरसता, सामाजिक कर्तव्य, स्वालंबन, कुटुंब प्रमोदन के साथ पर्यावरण संरक्षण पर लोगों के बीच जाकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने संघ कार्यकताओं को जातिवाद समाप्त कर लोगों में समरसता बढ़ाने के लिए काम करने को कहा। संघ प्रमुख ने भगवान श्री राम की कर्मस्थली चित्रकूट पहुंचे थे जहां मोहन भागवत महाकौशल प्रांत के संघ चालकों के साथ वर्ग सम्मेलन में पंच तत्व पर काम करने पर मंथन कर रहे थे। दो दिवसीय प्रवास पर 05 नवंबर को प्रातःकाल धर्मनगरी पहुंचे संघ प्रमुख, दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ परिसर स्थित लोहिया सभागार में महाकौशल प्रांत के वर्ग सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में महाकौशल प्रांत के प्रांत, जिला, नगर, खंड संघ चालक मौजूद थे। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों के बीच जाकर किस तरह पंच तत्व पर काम करना है, उस पर मंथन करने के साथ उन्हें राह दिखाई। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच सामाजिक सद्भाव बनाने के लिए काम करना है, ताकि समाज में विघटन न होने पाए। जातिवाद को समाप्त कर समरसता को बढ़ावा देना है। संघ प्रमुख ने कहा कि लोगों के बीच बैठकर काम करें, ताकि एक-दूसरे से दूरियां खत्म हो सकें। उन्होंने कहाकि पुरानी परंपराओं को खत्म करना, सभी मानव हैं इसलिए ऊंच-नीच के भाव को समाप्त करने हैं। उन्होंने कहा कि संघ कार्यकर्ता एक-दूसरे के सुख-दुख में बराबर के सहभागी बने और सहयोग करे, वह जहां रह रहे हैं वहां सामंजस्य बनाने का काम करें। संघ प्रमुख ने विदेशी वस्तुओं का परित्याग करने पर जोर दिया।

# बांटने-काटने की भाषणबाजी से फुर्सत मिले तो डीएपी बंटवा दीजिए : अखिलेश

संवाददाता

लखनऊ। गोरखपुर में डीएपी की किल्लत को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि आपके गृह जनपद समेत पूरे यूपी के किसान आपसे कह रहे हैं कि अगर बांटने-काटने (भाषणबाजी) और पालिटिकल पर्यटन से फुर्सत मिल जाए तो पूरे प्रदेश में डीएपी बंटवा दीजिए, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा।

### किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए किया जा रहा विवश

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों के गोदाम खाली हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। बीज के साथ कुछ दवाओं के पैकेट लेने का भी दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की मार किसानों पर पड़ने से किसान और ज्यादा लाचार व गरीब होता जा रहा है।



### 'भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया'

भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में भी किसानों में हाहाकार मचा है। भाजपा ने किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था, लेकिन उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। किसानों पर थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौत हो गई, फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। जबकि नए सत्र का गन्ना इंतजार कर रहा है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं।

### अब यूपी में ही तय होगा डीजीपी

उत्तर प्रदेश में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन को लेकर कैबिनेट के फैसले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सवाल उठाया कि क्या व्यवस्था बनाने वाले खुद दो साल रहेंगे या नहीं।

बता दें, यूपी सरकार ने अपने स्तर से डीजीपी के चयन का रास्ता साफ कर लिया है। डीजीपी के चयन के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में मुख्य सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से एक सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या उनकी तरफ से नामित अधिकारी के अलावा अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव गृह व पूर्व डीजीपी शामिल होंगे।

# नियुक्ति के स्रोत के आधार पर न्यायाधीशों के साथ भेदभाव नहीं हो सकता : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जिला न्यायपालिका से उच्च न्यायालय में भर्ती किये गये न्यायाधीश बार से पदोन्नत न्यायाधीशों के समान पेंशन सहित सभी लाभ पाने के हकदार होंगे। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जिन स्रोतों से भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई हो, उनके उनके पद पर कोई प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि एक बार नियुक्त होने के बाद वे बिना किसी भेदभाव के एक समरूप वर्ग का हिस्सा होते हैं। इसमें कहा गया है कि न्यायाधीशों के बीच भेद करना मूलतः एकरूपता की भावना के विरुद्ध होगा। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय संवैधानिक संस्थाएं हैं और उनकी संवैधानिक स्थिति को अनुच्छेद 216 द्वारा मान्यता प्राप्त है। अनुच्छेद 216 इस बात पर कोई भेद नहीं करता कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की भर्ती कैसे की जाती है। एक बार उच्च न्यायालय में नियुक्त होने के बाद प्रत्येक न्यायाधीश का दर्जा बराबर होता है...एक बार नियुक्त होने के बाद वेतन या अन्य लाभों को लेकर न्यायाधीशों के बीच कोई भेद नहीं किया जा सकता है।

# झारखंड आदिवासियों का है और वे ही इस पर शासन करेंगे: सोरेन

एजेंसी

छोटानागरा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि यह राज्य आदिवासियों का है और वे (आदिवासी) ही इस पर शासन करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए दावा किया कि राज्य में कोई भी हिंदू खतरे में नहीं है, लेकिन विपक्षी पार्टी केवल अपने हिंदू-मुस्लिम विमर्श के जरिए यहां तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने झारखंड को अलग राज्य बनाने के लिए लड़ाई लड़ी और हम अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए भी लड़ेंगे। झारखंड आदिवासियों का है, इसलिए यहां आदिवासी ही राज करेंगे। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड की कुल जनसंख्या 32,988,134 है। इनमें से 26.21 प्रतिशत (8,645,042) आदिवासी हैं। रघुबर दास को छोड़कर, 2000 में बने राज्य के सभी मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय से थे। सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने जनता के सहयोग से अच्छा काम किया है और भविष्य में भी ऐसा ही करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया, सीबीआई और ईडी के साथ मिलकर भाजपा मुझे डरा रही है और झूठे आरोपों के लिए मुझे जेल भी भेजा। लेकिन मैं झारखंड की धरती का बेटा हूं। मैं न तो डरता हूं और न ही कभी झुकता हूं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में 31 जनवरी को सोरेन को गिरफ्तार किया था, हालांकि उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था। झारखंड की 81 विधानसभा सीट के लिए दो चरण में 13 नवंबर और 20 नवंबर को चुनाव होंगे, जबकि परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।



# संवैधानिक मूल्यों को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी : प्रियंका गांधी

एजेंसी

वायनाड (केरल)। केरल की वायनाड लोकसभा सीट से यूडीएफ गठबंधन की प्रत्याशी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेता नरेन्द्र मोदी संविधान के समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रियंका ने दावा किया कि भाजपा के पिछले 10 साल के शासन में देश में विभाजन की राजनीति देखने को मिली है जहां सत्तारूढ़ दल ने सत्ता में बने रहने के लिए जनता का ध्यान उनकी वास्तविक समस्याओं से हटाने का प्रयास किया।

मलप्पुरम जिले की वानदूर विधानसभा में चेरूकोडे में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि जब ऐसे लोग राजनीति में शक्तिशाली हो जाते हैं तो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं रहता। कांग्रेस नेता ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए अपने पांच दिवसीय प्रचार अभियान के चौथे दिन आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में देश में किसानों या मध्यम एवं लघु उद्यमों के लिए कोई समर्थन प्रणाली नहीं है। उन्होंने कहा कि छोटे और मझोले उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी होते हैं और बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान करते हैं, लेकिन उन्हें किसानों की तरह ही समर्थन की जरूरत है।



कांग्रेस महासचिव ने कहा कि वायनाड में मसालों जैसे उच्च गुणवत्ता के कृषि उत्पादों की पैदावार होती है, लेकिन किसानों को खेती में कोई भविष्य नजर नहीं आता और छात्र एवं अन्य लोग बेहतर रोजगार अवसरों तथा उच्च शिक्षा की तलाश में विदेश चले जाते हैं। उन्होंने पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे विषय भी उठाए। प्रियंका गांधी ने कहा कि वह एक योद्धा हैं और अगर उन्हें मौका मिला तो वह वायनाड के लोगों के लिए संसद और हर दूसरे मंच पर लड़ेंगी ताकि उनके मुद्दों का समाधान निकल सके। उन्होंने कहा, मैं पीछे नहीं हटूंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी। मैं आपको निराश नहीं करूंगी। अब हम एक परिवार हैं। प्रियंका चेरूकोडे के अलावा वनदूर विधानसभा क्षेत्र के थुवूर और कालिकावू कस्बों में और निलाम्बुर विधानसभा के पूकोट्टूमपदम में भी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी। अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार चुनाव लड़ रहीं प्रियंका गांधी वाद्रा सात नवंबर तक केरल में रहेंगी। वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा। वायनाड सीट के लिए उपचुनाव इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि वायनाड और रायबरेली दोनों जगहों से लोकसभा चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया।

## पहाड़ी के पास मिली अधजली लाश की पहचान उसके साइकिल के माध्यम से हुई

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** ग्राम हुंकरा की पहाड़ी से लगे इलाके में मिली अधजली लाश की पहचान उसके साइकिल के माध्यम से हो गई है। मृतक की शिनाख्त कोरबा जिला मुख्यालय में समग्र शिक्षा कार्यालय में पदस्थ क्ष्क्ष्, कटघोरा निवास के.जी. भारद्वाज के पुत्र अभिषेक के रूप में हुई है। 18 वर्षीय अभिषेक कक्षा 12 वीं का छात्र था। वह कल शनिवार रात कथित तौर पर दोस्त के पास जाने की बात कहकर घर से साइकिल लेकर निकला था फिर लौटा नहीं। मृतक अभिषेक श्री भारद्वाज का इकलौता पुत्र था। इस घटना ने भारद्वाज परिवार को शोक में डुबा दिया है। परिजनों सहित सहकर्मियों, ग्रामवासियों में शोक व्याप्त है।

बता दें कि आज रविवार सुबह कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम हुंकरा की पहाड़ी के पास एक अज्ञात युवक की अधजली लाश मिली। कटघोरा पुलिस को मौके से एक जोड़ी चप्पल व गियर वाली साइकिल मिली। साइकिल पर दुकान का नाम लगा था जिससे संपर्क पर साइकिल की फ्रेम नम्बर के आधार पर खरीदार का नाम हासिल किया गया। उसके बाद घर पहुंचकर जानकारी लेने पर अभिषेक के घर से गायब रहने की बात पता चली। साइकिल व चप्पल को परिजन पहचान गए। घटनास्थल पर जांच में फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई। मिले साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर प्रारम्भिक तौर पर मामला आत्मदाह का प्रतीत हो रहा है लेकिन किसी घटना से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस व परिजनों को है।

# छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**0 रंगीन रोशनी से दुल्हन की तरह सजे रेणुका के तट पर रहा मेले सा नजारा**
**0 आज उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा छठ महापर्व का समापन**



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** छठ महापर्व पर गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने रेणुका नदी के तट स्थित छठ घाट में श्रधालुओ का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। आज प्रात: उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिनों के महापर्व छठ का समापन किया जाएगा। यहां प्रतिवर्ष धार्मिक वातावरण के बीच उत्साह से छठ महापर्व मनाने की परंपरा है। जिसको लेकर छठ पूजा समिति के द्वारा यहां पहुंचने वाले श्रधालुओ की सुविधा के दृष्टिकोण से व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। रंगीन रोशनी से दुल्हन की तरह सजे रेणुका नदी के तट पर दोपहर से ही व्रतियों के आने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। सूर्यास्त से पूर्व बड़ी संख्या में बाजे गाजे के साथ व्रती सपरिवार छठ घाट पहुंचे जहां धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। श्रधालुओ की भारी भीड़ से यहां मेले जैसा नजारा रहा। छठ पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं सड़क व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए मुख्य मार्गो पर यातायात पुलिस मौजूद रही। इस वर्ष रेणुका नदी में जलस्तर ज्यादा होने के कारण नगर सेना रेस्क्यू टीम पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ नदी में व्यवस्था संभाले हुए थी। नगरीय प्रशासन व छठ पूजा समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं के सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नदी के दोनों ओर घाट बंधान किया गया था। भजन संध्या में कलाकारों ने छठ के भक्ति गीतों से लोगों को रेणुका नदी के तट पर बांधे रखा। महापर्व पर समूचा शहर भक्तिभाव में लीन रहा।

विधायक भूलन सिंह मरावी भी रेणुका नदी के छठ घाट पहुंचकर व्रतधारी महिलाओं व श्रद्धालुओं से आर्शीवाद लेकर उन्हें छठ महापर्व की शुभकामनाएं दिए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए छठ पूजा समिति के सदस्य पूरी सक्रियता के साथ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश सोनी, अनिल गुप्ता, संतोष सोनी श्रवण जैन, सुनील विश्वकर्मा प्रदीप सोनी, पंकज चौबे , हिमांशु जैन अजय सोनी भोला कुशवाहा, विक्की मिश्रा, नरेश सोनी, सुमित सोनी, संदीप सोनी, गोबिंद साहू, सोनू कुशवाहा, पुलपुल विश्वकर्मा, रूपन साहू आदि सक्रिय है।

इधर छठी मैया की गीतों से नीलेश मित्तल, नंदिनी श्रीवास्तव, हिमांशु सुनैना यादव आदि कलाकारों ने रेणुका नदी के छठ घाट पर भक्तों को बांधे रखा है।

मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूर्ण होती है। घर-परिवार में खुशहाली आती है। मुख्य रूप से छठ व्रत माताएं अपनी संतान की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना के लिए रखती हैं। ये व्रत संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाली महिलाओं के लिए भी खास माना जाता है। नगर सेना की रेस्क्यू टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता अपनी टीम के सदस्य मेराज अंसारी, डीके राजवाड़े, हूंसेन अंसारी, कृष्ण सिंह, उमेश चौबे व अन्य सहयोगियों के साथ सक्रिय रहे।

## स्वस्थ सुविधा के विस्तार व स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश

**कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण**



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को कलेक्टर एस.जयवर्धन ने यहां जिला अस्पताल का अचौक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने समस्त वार्डो का मुआयना कर वार्डो की साफ सफाई व अस्पताल परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डी एच लैब को जल्द से जल्द चालू करने , डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ को समय पर ड्यूटी में उपस्थित रहने की बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के डी पैकरा को चिकित्सा सेवा में विस्तार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निर्देश दिए। मरीजों को समय पर इलाज की सुविधा मिल सके, दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जिला अस्पताल परिसर में डामरीकरण सड़क को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उक्त निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के डी पैकरा ,सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ अजय मरकाम, संजय सिन्हा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## बंशीपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत बंशीपुर में आज 11 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने और समय पर शिविर स्थल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगो को शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने के लिए कहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने बताया कि शिविर में आमजनों की समस्याओं के निराकरण के साथ विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न समस्याओं एवं मांगो से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे।

## दामाखेड़ा में कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब पर हुआ हमले की साजिश निंदनीय

**बलौदाबाजार, छ.ग. फ्रंटलाइन।** दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि दामाखेड़ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की और सुरक्षा तैनात करने के साथ ही 11 से अधिक आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है।

भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव की भावना से हर समाज व व्यक्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी समाज की भावनाओं का सम्मान करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस घटना में भी जो भी आरोपी हैं उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भावना बोहरा ने कहा कि श्री प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है। ऐसे में एक धर्म गुरु के साथ ऐसी घटना करने वाले व्यक्ति केवल प्रदेश में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहें हैं। अपने निजी लाभ के लिए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहें। लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार सभी धर्मों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व प्रदेश में अराजकता फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सरकार सख्ती से कार्यवाही करेगी।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा.गंज.( छ.ग. )**
ई-मेल :- csbalrampur@gmail.com

क्रमांक 1224/अस्प प्रशा./2024-25/ बलरामपुर, दिनांक 05.11.2024

**सूचना**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बलरामपुर छ.ग. की ओर से 2024-25 के लिए जिला चिकित्सालय बलरामपुर एवं परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु केवल छ.ग. के इच्छुक पंजीकृत फर्म/संस्था/समूह/समिति से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्त) कार्लाय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर में निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 1000/-(एक हजार रूपय मात्र) जमा कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला चिकित्सालय बलरामपुर, छ.ग. में सुरक्षा व्यवस्था कार्य। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | 1000/- अक्षरी एक हजार रूपये मात्र। (वापसी योग्य नहीं) |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 21.11.2024 को सायं 5:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 22.11.2024 को सांयकाल 4:00 बजे |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा.गंज, छ.ग. |

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना इस कार्यालय की सूचना पटल में चस्पा की जायेगी। इसकी जानकारी जिले की बेवसाईट-www.balrampur.gov.in में भी देखा जा सकता है।

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,**
**जिला चिकित्सालय बलरामपुर-रा.गंज, छ.ग.**

जी-242503625/1


# आम सहमति व समन्वय से सम्पन्न होंगे संगठन महापर्व मे सभी चुनाव : चंपा

**0 भाजपा का जिलास्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न**
**0 मंडल स्तरीय कार्यशाला 9 से 11 एवं बूथ पर चुनाव 16 से 25 तक**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** संगठन महापर्व को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में जिला चुनाव अधिकारी पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, किरण खेस, जिला महामंत्री राजेश महलवाला, मुरली सोनी, सत्यनारायण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। भाजपा संगठन चुनाव की तैयारी व चुनाव कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल चुनाव अधिकारी की घोषणा की गई तथा बूथ कमेटियों के गठन को लेकर चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। जिला चुनाव अधिकारी चंपा देवी पावले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि आप सभी प्राथमिक सदस्य व सक्रिय सदस्यता अभियान के कार्य मे जुटे हुए हैं, जिले मे सदस्यता अभियान का शानदार काम हुआ है। श्रीमती पावले ने कहा कि आगे चलकर सक्रिय सदस्य ही संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करेंगे इसलिए सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य अनिवार्य रूप से बनाएं। संगठन पर्व मे बूथ से मंडल व जिला



संगठन के चुनाव आम सहमति व समन्वय से संपन्न होंगे। सभी जिम्मेदार पदाधिकारी हर बूथ पर बैठक कर वरिष्ठ पदाधिकारियों की राय व सहमति से बूथ समितियों का गठन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले मे सदस्यता अभियान के लक्ष्य को लगभग पूरा कर लिया गया है। सूरजपुर जिले मे लगभग 1.40 लाख भाजपा के सदस्य बन चुके हैं तथा तीन हजार सक्रिय सदस्य बनाने के करीब है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन चुनाव आम सहमति व समन्वय से संपन्न होंगे तथा शक्ति केन्द्र स्तर पर चुनाव अधिकारी नियुक्त होंगे जो बूथों मे चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराएंगे। सरगुजा सासंद चिंतामणि महाराज ने कहा कि भाजपा संगठन पर्व हमारे संगठन विस्तार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिले मे संगठन काफी मजबूत है तथा जिस तरह विधानसभा व लोकसभा चुनाव मे एकजुट होकर चुनाव लड़े व जीते उसी प्रकार पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव मे भी अच्छा प्रदर्शन दुहराना है। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के बदौलत सूरजपुर जिला सभी कार्यो मे अव्वल रहा है इसे आगे भी बरकरार रखने की जरूरत है। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि संगठन के चुनाव समन्वय व सहमति से सम्पन्न हो यह हम सब की जिम्मेदारी है। इसके बाद अगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव मे भी कमल खिलाना है। जिला सदस्यता प्रभारी राजेश महलवाला ने जिले मे सदस्यता अभियान के संबंध मे जानकारी व बूथ पर चुनाव प्रक्रिया के संबंध मे विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री मुरली सोनी के द्वारा किया गया।

**मंडल चुनाव अधिकारी व सहयोगी नियुक्त**

प्रतापपुर राजेश महलवाला, सहयोगी अक्षय तिवारी, जरही शशिनाथ तिवारी, सहयोगी राजकुमार गुप्ता, शिवनंदनपुर बाबूलाल अग्रवाल, सहयोगी शितिकांत, लटोरी रामकृपाल साहू, सहयोगी मोहन शर्मा, भटगांव थलेश्वर साहू, सहयोगी आशीष बाजपेयी, ओड़गी रामानंद जायसवाल, सहयोगी लवकेश पैकरा, बिहारपुर-लाल संतोष सिंह, सहयोगी सुरेन्द्र गुप्ता, भैयाथान भीमसेन अग्रवाल, सहयोगी मार्तण्ड साहू, प्रेमनगर अजय गोयल, सहयोगी बिरेन्द्र जायसवाल, रामानुजनगर महेश्वर पैकरा, सहयोगी सुमीत साहू, देवनगर अनूप सिन्हा, सहयोगी अशोक यादव, सूरजपुर ग्रामीण रजनी त्रिपाठी, सहयोगी अरूण राजवाड़े, सूरजपुर शहर परमेश्वरी राजवाड़े, सहयोगी अजय अग्रवाल, विश्रामपुर अशोक सिंह, सहयोगी सतीश तिवारी को नियुक्त किया गया है।

## चिन्ता का विषय है बाल विवाह, इस कलंक से मुक्ति हेतु सभी के सहयोग की है आवश्यकता : मनोज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देश व जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिले को बाल विवाह मुक्त करने हेतू जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में टीम सक्रिय है। गुरुवार को जिले के रामानुजनगर में विकास खण्ड के समस्त सचिव और रोजगार सहायकों को उनके कार्य दायित्व के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बताया कि एन.एफ.एच.एस. के सर्वे के अनुसार छ. ग. मे सूरजपुर में सबसे ज्यादा 34 प्रतिशत विवाह बाल विवाह होते हैं जो चिन्ता का विषय है।इस कलंक से मुक्ति हेतु आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है,सभी सचिव अपने ग्राम पंचायत मे विवाह पंजी का संधारण अनिवार्यत: करें गाँव में होने वाले सभी विवाहों का पंजीयन करें एवं वर कन्या के उम्र सम्बन्धित दस्तावेजों का परीक्षण करें यदि उम्र कम पाया जाता है तो उसकी सूचना टोल फ्री 1098,181,112 या परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक को दें बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि एक अपराध भी है बाल विवाह करने पर बाल विवाह करने वाले, अनुमित देने वाले एवं सामिल होने वाले सभी अपराधी होते हैं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम में 2 वर्ष की सजा एवं 1 लाख रुपये का जुर्माना का प्रावधान है सभी अभी अपने अपने गाँव मे इस संबंध मे जागरूकता लाएं ताकि सूरजपूर जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाएं कार्यशाला में बाल श्रम, पॉक्सो, गुड टच बेड टच,मानव तस्करी, नशा मुक्ति एवं बाल संरक्षण के संबंधित अन्य विषयों की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम मे सभी को बाक विवाह मुक्त गाँव बनाने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय सामाजिक कार्यकर्ता अंजनी साहू चाइल्ड लाइन से जनार्दन यादव एवं रमेश साहू उपस्थित थे।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# सरगुजा फ्रंटलाइन

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार, समाज के समृद्धि, खुशहाली की कामना

## चार दिवसीय कठिन साधना का उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आज होगा समापन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सूर्योपासना के लिए गुरूवार को नगर के शंकर घाट, घुनघुट्टा नदी तट, श्रीराम घाट, शिवधारी तालाब, पैलेस छठ तालाब सहित जिले के 13 घाटों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्य उपासना के लिए दोनों प्रमुख घाटों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। दोनों घाटों पर समितियों ने अच्छी तैयारी की थी। नहाए खाए के साथ व्रत की शुरुआत हुई थी। बुधवार को घाट बंधन के साथ खीर भोज भी हुआ। इसके बाद गुरूवार को दोपहर से ही व्रती महिलाएं परिवार के सदस्यों के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए निकलने की तैयारी में लग गई थी। शुक्रवार को व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय कठिन साधना का समापन करेंगी।

बता दें कि छठ पर्व के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पर्व में यह दिन बेहद खास माना जाता है। व्रती महिलाएं पानी के अंदर जाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देती हैं। व्रतियों ने छठ पूजा के लिए तैयारी पहले से ही कर ली थी। टोकरी में ठेकुआ, फूल, फल, चावल के लड्डू, कंदमूल, मूली, गन्ना लेकर पहुंचे महिला-पुरूषों का नजारा शंकरघाट व घुनघुट्टा नदी के साथ अन्य घाटों में नजर आया। सभी ने सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। एक दिन पहले ही व्रतियों ने प्रसाद तैयार कर लिया था। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का समापन होगा। नगर के शंकर घाट में मां महामाया छठ सेवा समिति के अध्यक्ष विजय सोनी के नेतृत्व में छठ समिति के सदस्यों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सेवा की। पर्व आरंभ होने से पहले ही घाटों की साफ-सफाई की गई थी। उधर घुनघुट्टा नदी तट पर समिति के संरक्षक राकेश गुप्ता के नेतृत्व में अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समिति से जुड़े लोगों ने यहां भव्य तैयारियां की थी। छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं आए, इसका ध्यान रखा गया था। सभी ने पूरे मनोयोग के साथ परिवार सहित ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।





## श्रीराम घाट गूंजा छठी मईया के गीतों से



श्रीराम घाट छठ पूजा सेवा समिति, बिलासपुर रोड उदयपुर ढाब में भी सैकड़ों की संख्या में छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार व समाज के खुशहाली की कामना की। इस घाट के संरक्षक राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर और अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, सचिव भानु यादव, कोषाध्यक्ष दिगम्बर यादव हैं। इन्होंने व्रतियों की सुविधा के लिए हरसंभव तैयारियां की थी। घाट को आकर्षक सज्जा दी गई थी। चारों ओर छठ गीत की गूंज होने से यहां का माहौल भक्तिमय बना हुआ था।

# घुनघुट्टा नदी में अस्तांचल सूर्य को हजारों व्रतियों ने दिया अर्घ्य




छठ पूजा के तीसरे दिन गुरूवार को बड़ी संख्या में छठव्रतियों ने दरिमा रोड स्थित घुनघुट्टा नदी के किनारे डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति के स्वयंसेवक इस दौरान सक्रिय रहे। श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति के संरक्षक राकेश गुप्ता ने सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाट पर हजारों की तादाद में छठव्रती पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे। समिति ने श्रद्धालुओं के लिए 2100 घाटों का निर्माण किया है। इस दौरान जबलपुर की सावन बैंड पार्टी ने अपनी प्रस्तुति दी। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के दौरान गंगा आरती होगी। पूरे घाट क्षेत्र को आकर्षक झंडियों और विद्युत लड़ियों से सजाया गया है, जिससे यहां का आकर्षण बढ़ गया है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष-रामकुमार गुप्ता के साथ ही समिति के स्वयंसेवक संजीव कश्यप, नारद गुप्ता, उत्तम राजवाड़े, गीता प्रसाद, प्रकाश सोनी, निलेश कश्यप, नीरज गुप्ता, पंकज, तेजराज, आशुमल, आदर्श, राकेश, शुभम, मुकेश, अभय, आशीष सक्रिय रहे।

# डुमरिया व भटगांव के शिव मंदिर छठ घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

## डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की परिवार के सुख-समृद्धि की कामना

■ गंगा महाआरती में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**छ.ग.फ्रंटलाइन जरही/भटगांव।** छठ महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शुक्रवार को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन होगा। नगर जरही के डुमरिया छठ घाट व भटगांव के शिव मंदिर छठ घाट में हजारों छठ व्रतियों ने सूर्य को अर्घ्य दिया। महापर्व की आस्था के बीच पूरा नगर पूर्वांचलमय लगने लगा। व्रती महिलाओं ने बताया कि यह ऐसा व्रत है, जिसमें मांगने की जरूरत नहीं। बिना किसी लोभ, लालच के मन में बस एक संकल्प के साथ वे पूजा करते हैं। इस दौरान बनारस की तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन छठ घाटों में किया गया। इसमें बनारस से आए पुरोहितों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी संख्या पुलिस बल तैनात किए गए थे।



## सेवा कुंज समिति ने की चाय-पानी की नि:शुल्क व्यवस्था

**जरही।** छठ घाट जरही में सेवा कुंज समिति, कॉलेज रोड सूरजपुर के द्वारा चाय-पानी की नि:शुल्क व्यवस्था की गई। समिति के अध्यक्ष संजय भारत ने बताया कि समिति अपने नाम के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों मे सेवा कार्य करती है। इसी कड़ी में गुरूवार को जरही में छठ पूजा के मौके पर छठ व्रतियों के लिए नि:शुल्क चाय-पानी की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान जिले के सेवा प्रमुख शिवप्रसाद साहू, स्थानीय कार्यकर्ता कमल सक्सेना, दिनेश पाण्डेय, विकेश जयसवाल, पुरन रजवाड़े, आलम रजवाड़े, मुकेश सिंह, रामभजन रजवाड़े, अभय तिवारी, बिनोद रजवाड़े, नागेंद्र सिंह, कालू राम, भास्कर तिवारी शामिल हुए।



# सिंदुर नदी घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने परिवार के साथ पहुंचे व्रती

## बलरामपुर छठ पूजा समिति ने घाट को दिया है आकर्षक रूप





**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले में सूर्य उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बलरामपुर के सिंदुर नदी घाट पर एकत्रित होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। बलरामपुर छठ पूजा समिति ने इस बार घाट को सजाने और अस्थायी रूप से तैयारी करने में पंद्रह दिनों तक लगातार कड़ी मेहनत की, जिससे यह स्थान भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। समिति की पूरी टीम ने इस साल ऐसा आयोजन किया है कि इस घाट की सुंदरता को देखने के लिए आसपास के शहरों और गांवों से भी लोग आ रहे हैं।

समिति ने इस वर्ष के आयोजन को पहले से भी अधिक सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए जगह-जगह टेंट, पंडाल और मनमोहक रोशनी की व्यवस्था की है। इसके अलावा पानी के झरने और विविध सजावट ने घाट का आकर्षण बढ़ा दिया है। समिति के सदस्यों ने पंद्रह दिनों से कड़ी मेहनत करते हुए अस्थाई रूप से इस घाट का निर्माण किया। घाट की भव्यता ने न केवल बलरामपुर के निवासियों को बल्कि दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। घाट पर हरसंभव सुविधा का प्रबंध किया गया है, विशेषकर सफाई, पानी और रौशनी का इंतजाम देखने योग्य है। छठ पूजा समिति के सदस्य घाट पर हर जगह मौजूद हैं और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ख्याल रख रहे हैं। भक्तों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### छठ गीत गाते पहुंचे घाट

चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के तीसरे दिन भक्तों ने भगवान भास्कर की उपासना में लीन रहकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठ गीत गाते हुए पूरे परिवार के साथ व्रती सिंदुर नदी छठ घाट पर पहुंचे। सूर्यदेव की पूजा करते हुए उन्होंने अपने परिवार, नगर और समाज के खुशहाली की प्रार्थना की। घाट पर कल-कल बहती नदी, हरे-भरे जंगल, बालू पर खेलते बच्चे और ठंडी हवाएं इस महापर्व की शोभा को और भी बढ़ा रहा था। श्रद्धालु स्वच्छ और शांत वातावरण में भगवान सूर्य की उपासना करने में मग्न थे। सिंदुर नदी के घाट पर व्रतियों और उनके परिवारों ने उत्साह और भक्ति के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्य देव की आराधना को लेकर पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

### छठ घाट पर पूजा सामग्री की व्यवस्था

बलरामपुर छठ पूजा समिति ने घाट पर विभिन्न पूजा सामग्री की उपलब्धता और श्रद्धालुओं के लिए खास व्यवस्था की है। समिति के सदस्य घाट पर हर स्थान पर मौजूद हैं, जो छठ व्रतियों को पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखते हुए उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। छठ महापर्व पर पूरे नगर की श्रद्धा और समर्पण का मिलन देखने को मिल रहा है।

### गंगा आरती रहा आकर्षण का केंद्र

छठ महापर्व पर मां सिंदूर नदी घाट पर बनारस की गंगा आरती के तर्ज पर आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं को एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, लोग ऐसा महसूस कर रहे थे मानो वे काशी के घाट पर गंगा आरती में सम्मिलित हुए हों। गंगा आरती की मनोहारी झांकी और दीपों की कतारों से सजा हुआ सिंदूर नदी का घाट हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। आरती के दौरान भक्ति संगीत, घंटा और शंखनाद की ध्वनि ने माहौल को और भी पवित्र बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे बलरामपुर के लिए गर्व का क्षण बताया।

### कीटनाशक का सेवन किए अधेड़ की इलाज दौरान मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर में दिमागी रूप से कमजोर अधेड़ अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक धंधापुर निवासी जवाहिर पिता स्व. धनीराम कंवर शराब पीने का आदी था। तीन वर्ष से उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी। 31 अक्टूबर को दिन में करीब 10.30 बजे वह शराब के नशे में कीटनाशक का सेवन कर लिया था। स्वजनों के द्वारा पूछताछ करने के बाद भी कुछ नहीं बताया। स्वजन निजी वाहन से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान 7 नवम्बर को सुबह 6.45 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# स्पॉट मीटर रीडर एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**छ.ग.फ्रंटलाइन जरही।** जिले के सभी वितरण केंद्रों में बिजली बिल वितरण व राजस्व वसूली कार्यों में लगे मीटर रीडर अपनी एक सूत्रीय मांग विभाग में समायोजन को लेकर 1 से 5 नवम्बर तक सांकेतिक हड़ताल पर रहे, लेकिन मांगों पर विचार नहीं किए जाने की स्थिति में मीटर रीडर संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवलाल पाटले के निर्देशन में जिले के 13 वितरण केंद्रों में पत्र देकर 6 नवम्बर से सभी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। स्पॉट बिलिंग एव मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर मीटर रीडरों के हड़ताल पर चले जाने से पूरे जिले में बिजली बिल वितरण व राजस्व वसूली कार्यों पर पूर्ण रूप से ब्रेक लग गया हैं। संघ ने बताया कि वर्ष 2006 में बिजली कंपनी ने पूरे छत्तीसगढ़ के सभी वितरण केंद्रों में राजस्व वसूली व बिजली बिल वितरण के लिए मीटर रीडर की तैनाती की थी। इसके बाद 15 से 20 वर्षों से काम कर रहे सभी मीटर रीडर बेरोजगार हो जाएंगे। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री, मुख्यमंत्री, पदाधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारियों से पत्राचार किया गया। इस बीच सिर्फ नौकरी की बात करने वाली सरकार ने मीटर रीडरों के रोजगार के संबंध में कोई उचित आश्वासन नहीं दिया। विधानसभा चुनाव के पूर्व राज्य स्तर पर उन्होंने धरना प्रदर्शन किया था, लेकिन सरकार के तरफ से मीटर रीडरों के रोजगार को लेकर कोई पहल नहीं की गई। ऐसे में बाध्य होकर वे अब अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने विवश हैं।

# बिना ब्याही गूंगी युवती दी बच्ची को जन्म, स्वजन पिता के तलाश में

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिला के कुसमी थाना क्षेत्र की एक अविवाहित, गूंगी युवती ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में बच्ची को जन्म दिया। युवती के द्वारा जन्म दिए गए बच्ची का पिता कौन है, इससे स्वजन अनजान हैं। इसकी जानकारी अस्पताल के पुलिस सहायता केन्द्र में दी गई है। बिना ब्याही मां के स्वजन का कहना है कि परिवार के सदस्य रोजाना मजदूरी करने के लिए चले जाते हैं, इसके बाद घर में 27 वर्षीय गूंगी युवती अकेले रहती थी। इनके द्वारा संभावना व्यक्त की जा रही है कि लड़की की विवशता का फायदा उठाकर किसी ने उसे हवस का शिकार बनाया है। फूलते पेट पर जब घर के सदस्यों की नजर पड़ी तो वे उससे पूछताछ करने का प्रयास किए, लेकिन इशारों में वह क्या बताना चाह रही थी, इसे समझ नहीं पाए। कुसमी स्वास्थ्य केन्द्र लाने पर जांच के बाद चिकित्सक से उसके गर्भवती होने की जानकारी दी। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर वे युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां वह बच्ची को जन्म दी। जन्म ली बच्ची के पिता का पता नहीं चल पाने से स्वजन चिंतित हैं। पुलिस अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए युवती के स्वजन से पूछताछ की है।

# वर्क फ्राम होम का झांसा देकर 95,780 रुपये की लगा दी चपत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वर्क फ्राम होम के नाम पर शहर का एक व्यक्ति 95 हजार 780 रुपये की ठगी का शिकार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ठग के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

महामाया मंदिर के पास रहने वाले शिवशंकर चैहान पिता उखमल राम 49 वर्ष ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि बीते 29 अक्टूबर को ऑनलाइन वर्क फ्राम होम के तहत नियमित रोजगार देने का झांसा देकर अनजान मोबाइल नम्बर के धारक ने व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम से चेटिंग करके अलग-अलग किस्त में 5000 रुपये, 25 हजार 300 रुपये, 65 हजार 480 रुपये ट्रांजेक्शन किया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर